Shri Madhu Limaye : I presume the Prime Minister has read the Santanam Commission report. Despite the recommendation in that report to the effect that if more than ten legilsators, whether M.Ps. or M.L.As. level charges of corruption against a Minister, enquiry should be instituted into those allegations, enquiry into the allegations made against K. B. Sahay and Orissa ministers has not been instituted even when the requisite condition has been complied with. 192 charges were levelled against Shri K.B. Sahay. Has the Central Government or the Central Bureau of Investigation conducted an enquiry into these charges, if not what are the reasons for that ?

Shrimati Indira Gandhi : As stated already that matter has been taken over by the State Government and prior to this taking over no C. B. I. investigation was held into it.

Shri Madhu Limaye : Why it was not held ? Afterall 192 charges do constitute some basis.

Shrimati Indira Gandhi : The 192 charges were received later. The facts which had come to light earlier were being enquired into, but not by C. B. I. I had asked the Law Minister to conduct an enquiry.

श्री स० मो० बनर्जी : प्रश्न का सम्बन्ध उस अभ्यावेदन से है जो संविधान सभा के सदस्यों द्वारा और जिस पर संसद्-सदस्यों के भी हस्ताक्षर थे, प्रधान मंत्री को दिया गया था । श्री के० बी० के विरुद्ध दिये गये उस अभ्यावेदन पर प्रधान मंत्री द्वारा क्या कार्यवाही की गई थी ? क्या उस अभ्यावेदन को केन्द्रीय जांच ब्यूरो के पास भेजा गया था और यदि हां, तो क्या उस सम्बन्ध में कोई उत्तर प्राप्त हुआ है ?

श्रीमती इन्दिरा गांधी : जैसा कि पहले बताया गया इसे केन्द्रीय जांच ब्यूरो के पास नहीं भेजा गया था । परन्तु उन आरोपों को मैंने विधि मंत्री के पास भेजा था और कोई अग्रेतर कार्यवाही करने से पूर्व हम उनके प्रतिवेदन की प्रतीक्षा कर रहे थे । अब चूंकि बिहार सरकार ने मुकदमा दायर कर दिया है, हम कुछ भी नहीं कर रहे हैं ।

श्री प्र० के० देव : क्या महामाया प्रसाद मंत्रिमण्डल के गिरने और मण्डल मंत्रिमण्डल के बनने से पूर्व श्री सहाय ने बैंक में से काफी धन निकाल लिया था ताकि जांच आयोग के प्रयत्न सफल न हों ?

श्रीमती इन्दिरा गांधी : मेरे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है ।

प्रश्नों के लिखित उत्तर
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

ब्रिटेन से सुपरसानिक लड़ाकू बाम्बर विमानों की खरीद

*184. श्री बाबूराव पटेल : श्री इन्द्रजीत गुप्त :

क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत ने हाल में ब्रिटेन से कई हाकर-हंटर सुपरसानिक लड़ाकू विमान खरीदे हैं जो न तो अधिक गति से चलते हैं, न ही ठीक तरह से काम करते हैं और जो न ही आधुनिक ढंग के बने हुये हैं जिन विशेषताओं का होना आधुनिक युद्ध में नितान्त आवश्यक समझा जाता है ;

(ख) किन कारणों से सरकार को ब्रिटेन के इन पुराने लड़ाकू बाम्बर विमानों को खरीदना पड़ा है ; और

(ग) इन विमानों को खरीदने के लिए कितना धन व्यय करना पड़ा ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) :

(क) और (ख) यू० के० से कुछ हण्टर विमानों के क्रय का प्रबंध किया गया है, क्यों कि वह लाभदायक हैं और उनकी कुछ संख्या आई० ए० एफ० की सेवा में है । हण्टर विमानों के यू० के० की आर० ए० एफ० की सेवा में होने की भी सूचना है ।

(ग) सूचना प्रकट करना लोकहित में नहीं होगा ।

चीन और पाकिस्तान के साथ भारत के सम्बन्ध

*186. श्री चिन्तामणि पाणिग्रही : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चीन और पाकिस्तान के साथ सम्बन्ध सुधारने के लिए मित्र राष्ट्रों की ओर से हाल के महीनों में कोई कार्यवाही की गई है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम रहा ?

वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० रा० भगत) :

(क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

प्रेस परिषद्

*187. श्री सीताराम केसरी : डा० सूर्य प्रकाश पुरी :
श्री योगेन्द्र शर्मा : श्री यशवन्त सिंह कछवाह :
श्री रवि राय : श्री सेझियान :
श्री जुगल मण्डल : श्री शिवचन्द्र झा :
श्री बलराज मधोक :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सरकार द्वारा गठित प्रेस परिषद् का बहिष्कार कर दिया है और इसके गठन के बारे में विवाद उठ जाने के कारण परिषद् कार्य नहीं कर सकी है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस परिषद् के सभापति तथा कुछ सदस्यों ने त्यागपत्र दे दिया है ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) क्या इस बारे में व्यक्त विभिन्न विचारों को ध्यान में रखते हुए सरकार का विचार इस परिषद् का पुनर्गठन करने का है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) से (घ) एक विवरण (अंग्रेजी में) सदन की मेज पर रखा जाता है [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 169/68]

वाणिज्यिक विज्ञापनों के लिए टेलीविजन कार्यक्रम

* 188. श्री हिम्मतसिंहका : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या टेलीविजन कार्यक्रमों का वाणिज्यिक प्रसारणों के लिये उपयोग करने का विचार है, जैसा की आकाशवाणी से किया जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) जी, हाँ । परन्तु यथा समय पर, जब आय अच्छी हो जायगी।

(ख) इस समय सवाल नहीं उठता ।

आयुध कारखानों में प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं की छंटनी

*189. श्री स० मो० बनर्जी : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1967 में विभिन्न आयुध कारखानों में प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं को नौकरी से निकाल दिया गया है ;

(ख) वर्ष 1965-67 की अवधि में सरकार ने इन प्रशिक्षुओं पर कुल कितनी राशि खर्च की ; और

(ग) यदि हां, तो उनके लिये रोजगार की व्यवस्था न करने के क्या कारण हैं ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ल०ना० मिश्र) :

(क) सुपरवाइज़री एप्रेन्टिस विशिष्ट आवश्यकताओं के विरुद्ध भर्ती किए जाते हैं, और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण की समाप्ति पर सभी पर्यवेक्षक नियुक्तियों में खपा लिये जाते हैं । एप्रेन्टिसों को एप्रेन्टिस ऐक्ट 1961 के अनुबंधों के अन्तर्गत आयुध कारखानों में प्रशिक्षण दिया जाता है । प्रशिक्षण की सफलतापूर्वक सम्पूर्ति पर ऐसे एप्रेन्टिसों को रोजगार

प्राप्य करने का उत्तरदायित्व सरकार पर नहीं है। प्राप्य रिक्त स्थानों के आधार पर उन्हें आयुध कारखानों की नियमित सेवा में खपा लिया जाता है।

(ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

(ग) क्योंकि प्रशिक्षित कार्मिकों की आवश्यकता प्रशिक्षण-प्राप्त कार्मिकों से कम है, सभी सफल प्रशिक्षार्थियों को आयुध कारखानों में खपा पाना सम्भव नहीं है।

पाकिस्तान के साथ बातचीत

*190. श्री योगेन्द्र शर्मा : श्री चेंगलराया नायडू।
श्री गाडिलिंगन गौड : श्री वेदव्रत वरुआ :
श्री य० अ० प्रसाद : श्री रा० रा० सिंह देव :

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत और पाकिस्तान के बीच अनिर्णीत मामलों को निपटाने के लिये भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत पुनः आरम्भ करने के लिये कोई नवीन प्रयास किये हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में भारत के प्रस्ताव पर पाकिस्तान की क्या प्रतिक्रिया रही है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० रा० भगत) :

(क) और (ख) पिछले कुछ महीनों में भारत सरकार ने असैनिक विमानों का आना-जाना फिर शुरू करना, व्यापार पुनः आरम्भ करना, सभी सीमा-पड़ताल चौकियों को फिर से खोलना, जब्त की हुई संपत्ति की वापसी, संचार व्यवस्था पुनः आरम्भ करना, यात्रा सुविधाओं में ढील देना आदि, जैसे कुछ विषयों पर तकनीकी अथवा सरकारी मीटिंगों में बातचीत करने का प्रस्ताव किया है। भारत के प्रस्तावों पर पाकिस्तान सरकार की प्रतिक्रिया अभी तक उत्साह-वर्धक नहीं रही है।

रेडियो पीस एण्ड प्रोग्रेस और रेडियो मास्को से प्रसारण

*193. श्री कामेश्वर सिंह : श्री ओथरन :
श्री शिवचन्द्र झा :

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल में जब रूस के प्रधान मंत्री भारत आये थे तो उनके साथ रेडियो पीस एण्ड प्रोग्रेस और रेडियो मास्को से प्रसारणों के बारे में बातचीत हुई थी ; और

(ख) यदि हां, तो उनके साथ क्या-क्या बातचीत हुई और उसका क्या परिणाम निकला ?

वैदेशिक-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) और (ख) जी

नहीं । मास्को-स्थित भारत के राजदूतावास ने सोवियत विदेश कार्यालय के साथ इस मामले को पहले उठाया था । सोवियत सरकार ने इस प्रकार के प्रसारणों पर हमारी प्रतिक्रिया पर सम्यक तौर से विचार करने का वादा किया है ।

Exchange of Enclaves

*195. **Shri Raghuvir Singh Shastri** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) the progress made in respect of exchanging Indian and Pakistani enclaves situated in East Pakistan and West Bengal ;

(b) the action taken for the security of the residents of Indian enclaves in Pakistan ?

The Minister of State in the Ministry of External Affairs (Sri B. R. Bhagat) :

(a) In reply to supplementary questions arising from Starred Questions No. 421 answered in the Lok Sabha on the 4th December, 1967, it has already been stated that the position taken by the Government of Pakistan was that they would not agree to the exchange of enclaves unless the Berubari question was settled. As the House is ware, the demarcation of the Berubari Union was contested by means of a writ petition filed in the Calcutta High Court. By a judgment pronounced on the 3rd January, 1968, the High Court passed an order restraining the respondents, including the Government of India, from announcing the "appointed day" and from constructing any pillars to demarcate Berubari Union No. 12 for the purpose of effecting the transfer of the portion of that Union to Pakistan until a law is passed by the appropriate legislature providing for payment of compensation to the petitioners in respect of their disputed properties.

(b) The Government of India have been in correspondence with the Government of Pakistan in regard to the sending of police parties to the enclaves, on a reciprocal basis.

आकाशवाणी से प्रसारणों के लिये संहिता

*196. श्री इन्द्रजीत गुप्त : श्री रवि राय :
श्री प्र० ना० सोलंकी : श्री नायनार :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी से प्रसारणों के लिये हाल में प्रकाशित "संहिता" किस उद्देश्य से तथा किसके द्वारा बनाई गई है ;

(ख) इस संहिता को लागू करने के बारे में इसका निर्वाचन करने के लिये आकाशवाणी के अधिकारियों द्वारा क्या अर्हताएं अपेक्षित हैं ; और

(ग) क्या सरकार को मालूम है कि जनता ने सामान्यतः इस संहिता के विरुद्ध राय व्यक्त की है क्योंकि यह प्रतिगामी हैं तथा नागरिकों के विचार स्वातन्त्र्य के अधिकार का उल्लंघन करती है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) इस का उद्देश्य कुछ मूल्यवान और वांछनीय परम्पराओं और प्रथाओं को संहिता-

बद्ध करना था ताकि इनका आदर करते हुए भाषण की स्वतंत्रता और खुले विवाद का पूरा लाभ उठाया जा सके ।

(ख) समूचे राष्ट्र के हित को ध्यान में रखते हुए और जिम्मेवारी के साथ स्वतन्त्रता देते हुए, लेकिन लापरवाही को रोकते हुए इस संहिता का निर्वचन करने की क्षमता। जरूरत पड़ने पर उन्हें आकाशवाणी महानिदेशालय के महानिदेशक और सूचना तथा प्रसारण मन्त्री की सलाह हर समय उपलब्ध है ।

(ग) सामान्यतः जनता ने इस संहिता का स्वागत किया है परन्तु जैसा कि स्वाभाविक है, कहीं-कहीं इसके विरुद्ध भी विचार प्रकट किये गये हैं ।

Political Talks on All India Radio

*197. **Shri Ramavtar Shastri** : Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) whether all the political parties in the country and their leaders are entitled to give talks on the All India Radio ;

(b) if so, the time given to each of the political parties for giving talks on the All India Radio since the last General Elections to date; and

(c) the reasons for the difference, if any, between the time given to different parties and the basis on which time is given for such talks ?

The Minister of Information and Broadcasting (Shri K. K. Shah) :

(a) and (b) In the absence of agreement on allocation of time amongst different political parties at the time of general elections no time is allotted to any political party as such. In these circumstances no political party or its leader is as such entitled to give talk as a matter of course on AIR, but talkers are booked by AIR on the basis of their knowledge and competence over the subject of talks and this is done irrespective of the party to which the talker belongs. On topics of national interest occasionally round table talks are arranged in which the leaders of the political parties are invited to participate.

(c) Does not arise.

आकाशवाणी के स्टाफ आर्टिस्ट

*198. **श्री जार्ज फारनेन्डीज** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी और उसमें काम करने वाले स्टाफ आर्टिस्टों के बीच कोई विवाद है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या विवाद के निपटारे के लिये कोई कार्यवाही की गई है; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) से (घ) आकाशवाणी के स्टाफ आर्टिस्टों की संस्था कुछ सालों से चल रही है

और स्टाफ आर्टिस्टों की ओर से यह एसोसियेशन इस बात पर जोर देती रही है कि स्टाफ आर्टिस्टों को स्थायी सरकारी कर्मचारी बना दिया जाए । इसका निर्णय होने तक कि इनकी इस मांग को मन्जूर किया जाता, यह निर्णय किया गया कि वर्तमान करार के बदले उन्हें 55 वर्ष तक की आयु तक काम करने का नियुक्ति-पत्र दिया जाये । इस नियुक्त-पत्र में बीस वर्ष के सेवाकाल के करार की शर्त भी थी। ये शर्तें स्टाफ आर्टिस्टों को मन्जूर नहीं थी, इसलिये इसे नियुक्ति-पत्र में से हटा दिया गया । इसी बीच, एसोसियेशन दो भागों में बंट गई । इसलिये, इन दोनों में से किसी एक से भी बतचीत करना कठिन हो गया क्योंकि मान्यता देने का प्रश्न इस बात पर निर्भर करता है कि सबसे अधिक सदस्यता किस की है, जिसका पता उनके पंजीकृत होने के 6 माह बाद ही लग सकता है । तो भी, बीस वर्ष वाली शर्त के हटा देने के पश्चात् भी नियुक्तिपत्र की कई अन्य शर्तों पर आपत्ति की गई जिसके कारण इस नियुक्तिपत्र को जारी होने से रोक दिया गया । इस कठिनाई को ध्यान में रखते हुए, सरकार सक्रिया रूप से यह विचार कर रही है कि क्या मूल एसोसियेशन के साथ तबतक बातचीत जारी रखी जाए जब तक यह बात स्पष्ट न हो जाए कि किस यूनियन को बहुमत प्राप्त है ।

Establishment of Aircraft Factory with U. A. R. Collaboration

*199. **Sri Atal Bihari Vijpayee** : Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the aircraft factory set up at Cairo with Indian collaboration is functioning satisfactorily ; and

(b) if so, whether it is proposed to set up a similar factory in India in collaboration with U.A.R. ?

The Minister of State (Defence Production) in the Ministry of Defence (Shri L. N. Mishra) :

(a) No aircraft factory has been set up in the U. A. R. with Indian collaboration.

(b) There is no proposal to set up an aircraft factory in India in collaboration with U.A.R.

Sale of Cars by an Officer of Indian Embassy in Chile

*200. **Shri Madhu Limaye** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that an Officer of the Indian Embassy, Chile (South America) earned a large amount by selling one Impala and one Fiat 1100 before his return to India ;

(b) whether it is also a fact that when the price of a new Impala is about 3,200 dollars in America, it was sold for 10,000 dollars in Chile by this Officer; and

(c) whether this Officer had purchased cars and disposed them on very large profit in this very fasion in Australia also, before leaving that country ?

The Minister of State in the Ministry of External Affairs (Shri B. R. Bhagat) : (a) to (c) : This matter is under investigation and on its completion the facts of the case, which are being collected from the concerned Mission abroad, will be placed before the House.

पखतूनिस्तान

*201. श्री गु० सि० ढिल्लों : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जुलाई / अगस्त 1967 में किसी भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने तथा युनाइटेड पखतूनिस्तान फ्रंट के सचिव ने उप-प्रधान मंत्री को एक ज्ञापन दिया था जिसमें पखतूनिस्तान के मामले को संयुक्त राष्ट्र संघ में उठाने तथा पखतूनिस्तान सम्बन्धी विचार का स्पष्टीकरण करने के लिए उनके प्रतिनिधिमण्डल के विदेश जाने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था; और

(ख) यदि हां, तो इस ज्ञापन के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ।

वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह) : (क) और (ख) यूनाइटेड पखतूनिस्तान फ्रंट का एक प्रतिनिधिमंडल 6 अगस्त, 1967 को उप-प्रधान मंत्री से मिला था और फ्रंट द्वारा पास किए गए प्रस्ताव की प्रति दी थी । उप-प्रधान मंत्री के साथ इस प्रतिनिधिमंडल ने जो बातचीत की थी, उसमें और न प्रस्ताव में ही संयुक्त राष्ट्र में पखतूनिस्तान के मसले को उठाने का अथवा पखतूनिस्तान के पक्ष को समझाने के लिए विदेशों में प्रतिनिधिमंडल के जाने की अनुमति देने का कोई उल्लेख किया गया था ।

मद्रास में राष्ट्रीय छात्र सेना दल के प्रशिक्षण का बन्द किया जाना

*202. श्रीमती तरकेश्वरी सिन्हा :
श्री रवि राय :
श्री जुगल मंडल :
श्री बलराज मधोक :
श्री शिवकुमार शास्त्री :
श्री रामावतार शर्मा :
श्री सेझियान :
श्री अटल बिहारी वाजपेई :
डा० सूर्य प्रकाश पुरी :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :

क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मद्रास वे सरकार ने 25 जनवरी, 1968 से राज की सभी शिक्षा संस्थाओं में तब तक के लिये राष्ट्रीय छात्र सेना दल तथा सहायक छात्र सेना दल का प्रशिक्षण बन्द कर दिया है जब तक केन्द्र राज्य सरकार की इस मांग को स्वीकार नहीं कर लेता है कि कमान से हिन्दी के शब्द निकाल दिये जायें ; और

(ख) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार की इस सम्बन्ध में क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मं० रं० कृष्ण) :

(क) ए० सी० सी० की योजना 1965-66 में बन्द कर दी गई थी। जहां तक एन० सी० सी० का सम्बन्ध है, मद्रास सरकार ने डायरेक्टर एन० सी० सी० मद्रास से प्रार्थना की थी, कि जब तक उनकी केन्द्रीय सरकार की इस प्रार्थना पर निर्णय न लिया जाए कि एन० सी० सी० में प्रचलित कमान के शब्द अंग्रेजी में होने चाहिए या प्रादेशिक भाषा में, वह इस सम्बन्ध में और प्रशिक्षण, ड्रिल, कक्षाएं या शिविर आयोजित न करें । तदनुसार डायरेक्टर एन० सी० सी० वे ऐसा समस्त प्रशिक्षण, बन्द कर दिया है ।

(ख) मामला विचाराधीन है ।

नैपाल को सहायता

*203. श्री क० प्र० सिंह देव : श्री दीवीकन :
श्री दी० चं० शर्मा : श्री जुगल मंडल

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नैपाल सरकार ने अपनी कुछ परियोजनाओं का विकास करने के लिए कुछ अतिरिक्त सहायता मांगी है;

(ख) यदि हां, तो क्या भारत सरकार नेपाल सरकार द्वारा मांगी गई सहायता देने के लिए सहमत हो गई है ;

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है; और

(घ) विभिन्न परियोजनाओं के विकासार्थ अब तक नैपाल सरकार को दी गई सहायता का ब्यौरा क्या है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह) : (क) और (ख) जी हां।

(ग) भारत सरकार छोटी सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि बागवानी तथा ग्राम एवं उद्योग के क्षेत्रों में खास खास विकास योजनाओं के लिए 4 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सहायता देगी। यह धन राशि अगले वित्तीय वर्ष के अंत तक अर्थात् 31 मार्च, 1969 तक उपयोग में लाई जानी है। यह अतिरिक्त सहायता नैपाल के महामहिम की सरकार के विशेष अनुरोध पर दी जा रही है और यह उन योजनाओं के अलावा होगी जो कि मार्च, 1971 में समाप्त होने वाली पांच वर्ष की अवधि के भारतीय सहयोग कार्यक्रम के अन्तर्गत पहले ही स्वीकृत हो चुकी है।

(घ) यह सूचना श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 379 के उत्तर में 25 मई, 1967 को उप–प्रधान मंत्री ने सदन को दे दी है।

Hindus in East Pakistan

*204. **Shri Ram Avtar Sharma:** **Dr. Surya Prakash Puri :**
Shri Prakash Vir Shastri : **Shri Attal Bihari Vajpayee :**

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Hindus in East Pakistan are being continuously harassed deliberately resulting in their increased migration to India ;

(b) whether it is also a fact that certain prominent Hindu nationals had been arrested recently in that connection ; and

(c) if so the reaction of the Government of India thereto ?

The Minister of State in the Ministry of External Affairs (Shri B. R. Bhagat) : (a) Yes, Sir.

(b) Yes, Sir.

(c) The Government of India have repeatedly represented to the Government of Pakistan regarding the plight of the minorities there, and have reminded them of their obligations

under the Nehru-Liaquat Pact of 1950. The question of providing security to the minorities is a duty which the Government of Paskitan owes to its own nationals.

भारत की सैनिक आवश्यकताओं के बारे में अमरीका की प्रतिक्रिया

*208. **श्री इन्द्रजीत गुप्त** : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान 'टाइम्स आफ इंडिया' के वाशिंगटन स्थित संवाददाता के 5 जनवरी, 1968 के इस आशय के समाचार की ओर दिलाया गया है कि अमरीका अब भारत की सैनिक आवश्यकताएं पूरी करने के लिये राजी है क्योंकि उसको "एक साम्यवादी पड़ोसी" से खतरा बना हुआ है ; और

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समाचार ठीक है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) यू० एस० सरकार द्वारा 12 अप्रैल 1967 को घोषित भारत और पाकिस्तान को सैनिक साजसामान की सप्लाई के सम्बन्ध में संशोधित नीति के अन्तर्गत घातक सैनिक सामान की सप्लाई फिर से शुरू करदी गई है । तदपि घातक सामान की सप्लाई अभी तक पुनः शुरू नहीं की गई, सिवाए सीमित हद तक, मामले दर मामले के आधार पर फालतू पुरजों की नकद सप्लाई के जो भूतकाल यू० एस० ए० द्वारा पहले से सप्लाई किये गये घातक साज सामान के लिए हों । यू० एस० सरकार की उपरोक्त नीति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ ।

छोटे समाचारापत्रों से अभ्यावेदन

*209. **श्री जार्ज फरनेंडीज** : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को छोटे समाचार-पत्रों से अभ्यावेदन मिला है कि बड़े समाचार-पत्रों का अनियंत्रित विस्तार होता जा रहा है ;

(ख) क्या सरकार का विचार भारत में समाचारपत्रों के एकाधिकार को समाप्त करने तथा छोटे समाचारपत्रों को प्रोत्साहन देने का है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये सरकार की कोई निश्चित योजना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) जी, हां । केवल एक समाचार–पत्र ने अभ्यावेदन दिया था ।

(ख) और (ग) अपने एक मूल उद्देश्य के अनुसार, प्रेस परिषद् ने समाचार-पत्रों में एकाधिकार या एक मालिक के साथ में कई समाचार–पत्रों के आने की प्रवृति बढ़ने का अध्ययन करना पहले ही शुरू कर दिया है । अगस्त, 1967 में विभिन्न लोगों को जारी की गई प्रश्नावली के उत्तर मिलने पर वह अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगी । परिषद् द्वारा दी गई सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए सरकार आगे कार्यवाही करने पर विचार करेगी । सरकार छोटे और मध्यम समाचार-पत्रों को उचित विज्ञापन, अखबारी कागज के बटवारे में तरजीह तथा प्रेस रिलीज फीचर

लेख, फोटे, एबानाइड ब्लाक आदि नियमित रूप से देकर उनको पहले ही क्रमबद्ध प्रोत्साहन और सहायता दे रही है।

आण्विक 'टिप' लगी हुई चीनी पनडुब्बियां

*210. श्री देवकी नन्दन पाटोदिया : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 8 दिसम्बर, 1967 के "पैट्रियट" में प्रकाशित इस समाचार की ओर सरकार का ध्यान दिलाया गया है कि चीनी पनडुब्बियों में आण्विक टिप लगे हुए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) जी हां।

(ख) चीन की नौसेना द्वारा संकट का सरकार समय पर आंकन करती है, और भारतीय नौसेना को शक्तिशाली बनाने और उसके आधुनिकीकरण के लिए उपयुक्त उपाय किए जा रहे हैं।

Newspapers and Magazines for Military Clubs

1397. **Shri Mrityunjay Prasad** : Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) whether any lists of approved and disapproved or proscribed Newspapers, Weeklies and Monthly Magazines have been prepared for Military Clubs, Reading Rooms and Libraries ;

(b) if so, the details thereof and the names and number of copies of the Newspapers and Magazines of different languages which are purchased by Government for the army ; and

(c) the measures adopted by Government to prevent circulation and propagation of disapproved or proscribed newspapers and magazines in the army ;

The Minister of Defence (Shri Swaran Singh) :

(a) to (c) : Military units are allotted funds to purchase reading material according to their needs. Lists of suitable reading material, revised from time to time, selected from the large number of publications available are also circulated for information and guidance of the units who make purchases according to availability of funds and the suitability of material for their particular needs. There is no system of approved or disapproved newspapers, weeklies or monthly magazines, though publications considered inappropriate for read ing by troops are not included in the guidance lists.

आकाशवाणी साप्ताहिक

1398. श्री बाबूराव पटेल : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं में प्रकाशित होने वाली साप्ताहिक पत्रिका "आकाशवाणी" की कितनी प्रतियां प्रतिमास भाषा-वार, छापी जाती हैं, और उन पर कितनी लागत आती है और प्रत्येक भाषा की पत्रिका की बिक्री तथा उनमें छपने वाले विज्ञापनों से कितनी शुद्ध आय होती है और वर्षिक हानि अथवा लाभ कितना होता है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : एक विवरण अंग्रेजी में संलग्न है जिसमें अपेक्षित जानकारी दी गई है [पुस्कालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 170/68]

आकाशवाणी साप्ताहिक पत्रिका की छपाई

1399. श्री बाबूराव पटेल : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रत्येक भाषा संस्करण की साप्ताहिक पत्रिका "आकाशवाणी" के मुद्रकों के नाम क्या हैं और उन्हें प्रति वर्ष छपाई के लिये कितनी राशि दी जाती है और क्या इस प्रयोजन के लिये टेंडर मांगे गये थे और यदि हां, तो कब ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

एक विवरण (अंग्रेजी में) संलग्न है जिसमें अपेक्षित जानकारी दी गई है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 171/68]

"आकाशवाणी" साप्ताहिक पत्रिका के लिए खर्च हुआ कागज

1400. श्री बाबूराव पटेल : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रत्येक भाषा की "आकाशवाणी" साप्ताहिक पत्रिका में प्रति वर्ष कितने मूल्य का कागज लगता है और उस देश तथा व्यापारियों के नाम क्या हैं, जिनसे यह कागज प्राप्त किया जाता है और प्रत्येक व्यापारी को प्रतिवर्ष कितनी राशि का भुगतान किया जाता है ;

(ख) इस बात को दृष्टि में रखते हुए कि "आकाशवाणी" अंग्रेजी प्रति का मूल्य 30 पैसे है, क्या "आकाशवाणी" पत्रिका के अंग्रेजी प्रकाशन को अच्छा बनाने तथा उसमें अच्छा कागज लगाना सरकार के लिये संभव है ; और

(ग) इन प्रकाशनों को सरकारी मुद्रणालय में न छपवाने के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) से (ग) एक विवरण (अंग्रेजी में) संलग्न है जिसमें अपेक्षित जानकारी दी गई है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 172/68]

Development of Backward Areas in Maharashtra

1401. **Shri Deorao Patil**: Will the **Prime Minister** be pleased to state the steps taken so far or proposed to be taken in the coming years for the development of backward areas in Maharashtra ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) : Attention is invited to the reply given to Unstarred Question No. 3698 on December 11, 1967. It is hoped that the State Government will draw up specific programmes for the accelerated development of its backward areas, so that they can be included in their Fourth Five Year Plan.

टेलीविजन सेटों का निर्माण

1402. श्री श्रीचन्द गोयल : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आयातित टेलिविजन सेटों के मूल्यों की तुलना में भारत में निर्मित टेलीविजन सेटों के मूल्य कितने कम या अधिक हैं ;

(ख) क्या हमारे देश में वाणिज्यिक पैमाने पर टेलीविजन सेट बनाये जाते हैं ;

(ग) यदि नहीं, तो इस स्थिति में पहुँचने में कितना समय लगने की संभावना है ; और

(घ) 1970 तक वाणिज्यिक पैमाने पर कितने टेलीविजन सेट बनाये जाने का अनुमान है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (ग) देशीय ज्ञान के आधार पर 10000 टी० वी ० सेटों के निर्माण के लिए दो फर्मों को लाईसेंस दिए गए हैं । आशा है कि वह इस वर्ष के मध्य में उत्पादन आरंभ कर देंगे । आशा है कि देशीय निर्मित सेट मूल्य में आयात सेट के मूल्य का लगा अच्छी तरह खा सकेगा ।

(घ) लगभग 50000 की संख्या में ।

एक्स-रे ट्यूबों का निर्माण

1403. श्री श्रीचन्द गोयल : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1966-67 में एक्स-रे ट्यूबों की खरीदारी पर कितनी विदेशी मुद्रा खर्च की गई ;

(ख) क्या देश में सरकारी क्षेत्र में एक्स-रे ट्यूबों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव है ;

(ग) यदि हां, तो उनकी मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं ; और

(घ) क्या इसके लिये विदेशी सहयोग प्राप्त किया जायेगा ?

प्रतिरक्षा मन्त्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मन्त्री (श्री ल० ना० मिश्र):

(क) सूचना इकट्ठी की जा रही है, और बाद में सभा के पटल पर रख दी जाएगी ।

(ख) जी हां । राजकीय क्षेत्र की एक कम्पनी भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटिड बंगलौर को एक्स-रे ट्यूबों और ट्यूब हाऊसिंग्स के निर्माण के लिए लाइसेंस दिया गया है ।

(ग) भारत इलेट्रानिक्स लिमिटेड दो प्रकार की स्टेशनरी एनोड ट्यूबें और एक रोटेटिंग एनोड ट्यूब और उनके लिये हाऊसिंग के निर्माण का विचार रखते हैं, जो आशा है एक्स-रे की वृहत् आवश्यकताओं को आवृत्त कर लेंगे। आशा है उत्पादन लगभग 1969 के आरंभ में शुरू हो जाएगा।

(घ) जी हां, इस उद्देश्य के लिये सर्वश्री सीमेंज एक्टेन्जेसलशैफ्ट पश्चिमी जर्मनी के साथ एक करारनामा तय पाया है ।

राष्ट्रपति विकास परिषद् की बैठक

1404. श्री जार्ज फरनेंडीज : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) दिसम्बर, 1967 में हुई राष्ट्रीय विकास परिषद् की बैठक आयोजित करने के लिये कब निर्णय किया गया था ; और

(ख) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय विकास परिषद् की बैठक जानबूझकर आयोजित की गई थी ताकि कांग्रेस के सभी मुख्य मंत्री दिल्ली में होने से कांग्रेस अध्यक्ष चुनने में सहायता मिल सके ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) योजना आयोग की 10 नवम्बर 1967 को हुई बैठक में यह निश्चय किया गया था कि दिसम्बर, 1967 में राष्ट्रीय विकास परिषद् की बैठक बुलाई जाय।

(ख) जी, नहीं ।

Aircraft Industry

1405. **Shri Y. S. Kushwah** : Will the **Minister of Defence** be pleased to state :

(a) the production capacity of aircraft building industry in the country at present ;

(b) the percentage of Indian and foreign components of machinery being used in the industry ;

(c) the percentage of raw material and spare parts available indigenously and those imported for aircraft-building ; and

(d) the names of the countries from which these materials and spare parts are imported and the amount of foreign exchange involved annually ?

The Minister of State (Defence Production) in the Ministry of Defence (Shri L. N. Mishra (a) to (d) : It will not be in public interest to give these informations.

खान अब्दुल गफार खां

1406. श्री सु० कु० तापड़िया ।
श्री० जी० विश्वनाथन :

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 3 जनवरी, 1968 को 'हिन्दुस्तान टाइम्स' में छपे इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि यदि भारत सरकार निमंत्रण दे, तो खान अब्दुल गफार खां भारत में बसने को तैयार हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी हां ।

(ख) इसका सवाल ही नहीं उठता क्योंकि यह रिपोर्ट ही ऐसी थी ।

जम्मू-श्रीगर राजपथ

1407. श्री अंबचेजियान :
श्री यशपाल सिंह :

क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के इन्जीनियरों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजपथ में सुधार करने और उसका विकास करने के लिये आरम्भ किया गया नया सर्वेक्षण पूरा कर लिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ;

(ग) नये सम्पर्क मार्ग का निर्माण-कार्य कब आरम्भ होने की सम्भावना है;

(घ) उस पर कितना व्यय होगा ; और

(ङ) इस नई योजना से पूरा वर्ष सड़क चालू रखने में कहां तक सहायता मिलेगी ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) और (ख) एक नया सर्वेक्षण हस्तगत किया गया है । (डायरेक्टर जनरल सड़क विकास) रोड्ज विंग ; इंजीनियर इन चीफ, सेना मुख्यालय, और डायरेक्टर जनरल सीमा सड़क पर सम्मिलित इंजीनियरों की एक समिति ने 1966 में आवश्यक सुधार कार्यों के विस्तार का निरीक्षण किया था । प्रगतिशील सुधार कार्यों की योजनाओं को उपरोक्त समिति की सिफारिशों पर विचार करने के पश्चात् अन्तिम रूपरेखा दी गई थी । हस्तगत कार्यों में शामिल है विचरना को चौड़ा करना, सड़कों की पपड़ी को चौड़ा करना और उसका सुधार, मोड़ों, सुपर एलीवेशन, दृश्यता दूरी इत्यादि में सुधार, और विभिन्न रक्षात्मक और सर्पी दढ़ीकरण निर्याण कार्य ।

(ग) किसी नई लिंक का निर्माण प्रस्तावित नहीं है । एक सर्पी क्षेत्र के पास से जाने के लिए एक सड़क 1966–67 में बनाई गई थी ।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठते ।

नेताजी की कथित मृत्यु के बारे में नये सिरे से जांच

1408. **श्री दी० चं० शर्मा** : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रपति को प्रस्तुत किये गये ज्ञापन में अनेक संसद् सदस्यों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की कथित मृत्यु के बारे में नये सिरे से जांच कराने की मांग की है ;

(ख) क्या इस मांग पर विचार किया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम रहा है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) और (ख) जी, हां ।

(ग) 1956 में जो सरकारी जांच समिति बनाई गई थी, सरकार ने उसके इस निष्कर्ष को स्वीकार कर लिया है कि 1945 में एक विमान दुर्घटना में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु हो गई थी । चूंकि इस बारे में कोई नये तथ्य सामने नहीं आए हैं, इसलिए सरकार के विचार से नये सिरे से जांच की जरूरत नहीं है ।

Indian Consulate in G. D. R.

1409. **Shri Shashibhushan Bajpai** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state the details of the special scheme proposed to be drawn up for the development of Indian Consulate in German Democratic Republic ?

The Prime Miniter, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi : We are not aware of any special scheme for this purpose.

Manufacturing of T. V. Sets by a Haryana Firm

1410. **Shri Nihal Singh** : Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Telefunken India, Limited, Ballabgarh (Haryana), have sent an application to the Central Government for manufacturing Television sets; and

(b) if so, the action taken thereon ?

The Minister of State (Defence Production) in the Ministry of Defence (Shri L. N. Mishra) :

(a) and (b) The application received from M/s Telefunken India Limited was not approved as it envisaged foreign collaboration.

गणतंत्र दिवस की परेड के निमंत्रण पत्र

1411. **श्री प्रेम चन्द्र वर्मा :** **श्री क० लक्कप्पा :**

क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गणतंत्र दिवस समारोह, 1968 के लिये बी–1 अहाते के लिये मंत्रियों तथा संसद् सदस्यों के नामों में कितने निमंत्रण-पत्र जारी किये गये थे और वस्तुतः उन्हें कितने पास दिये गये थे ;

(ख) इस अहाते में कितने स्थान उपलब्ध थे ;

(ग) इस अहाते के लिये संसद् सदस्यों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों को कितने निमंत्रण-पत्र जारी किये गये थे ;

(घ) क्या यह सच है कि इस अहाते में कई मंत्रियों तथा बहुत से संसद् सदस्यों को स्थान नहीं मिल सका; और

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे और इस मामले में क्या कार्रवाई की गई ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) :

	(क) जारी किए गए नियंत्रण पत्रों की संख्या	वास्तव में वितरित किए गए नियंत्रण पत्रों की संख्या
(1) मंत्री अध्यक्ष/उपाध्यक्ष लोक सभा और उप-सभापति राज्य सभा	58	58
(2) संसद् सदस्य	612	*606

*शेष निमन्त्रण-पत्र इसलिए वितरित नहीं किए जा सके कि 4 हालतों में परेड देखने का अभिप्राय बहुत विलम्ब से प्राप्त हुआ था, एक हालत में रिहाईश पर ताला लगा था, और एक और हालत में उन महान व्यक्ति ने अपनी रिहाईश बदल ली थी।

(ख) 1120।

(ग) मन्त्रियों/अध्यक्ष/उपाध्यक्ष लोक सभा/उपसभापति राज्य सभा समेत लगभग 235 महान व्यक्तियों को निमन्त्रण-पत्र जारी किए गए थे ।

(घ) और (ङ) प्रायः सभी निमन्त्रित व्यक्ति समारोह में शामिल नहीं होते । इसलिए वी–1 अहाते में प्राप्य किए गए स्थान काफी होने चाहिए थे । तदपि भीड़ अधिक हो गई थी और प्रबंध विस्थापित, क्योंकि कई महान व्यक्ति दूसरों के लिए अलाट किए गए स्थानों पर बैठ गए, और कई व्यक्तियों की ऐसी संख्या को भी साथ ले आए, कि जिनके लिए वी–1 अहाते के निमन्त्रणपत्र जारी न किए गए थे । यथा संभव अतिरिक्त स्थान प्राप्य किए गए थे ।

नोवोस्ती के साथ करार

1412. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया** : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि "नोवोस्ती", जिसके साथ प्रेस सूचना विभाग ने हाल ही में एक करार किया है, एक ऐसा संगठन है, जो विश्व में अनेक स्थानों में जासूसी तथा तोड़फोड़ की अनेक गतिविधियों में सुनियोजित ढंग से संलग्न है ; और

(ख) क्या "नोवोस्ती" के स्वरूप तथा पूर्ववृत्त के बारे में इन समाचारों की सचाई का सरकार ने पता लगाया है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) और (ख) समाचार पत्रों में छपी इस प्रकार की कुछ रिपोर्टें देखने में आई हैं, परन्तु सरकार के पास इन आरोपों की सत्यता या असत्यता के बारे में कोई सूचना नहीं है ।

नोवोस्ती के साथ करार

1413. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ।

(क) नोवोस्ती के साथ प्रेस सूचना विभाग द्वारा किये गये करार के पश्चात् प्रेस सूचना विभाग ने "नोवोस्ती" के रूसी समाचारपत्रों तथा पत्रिकाओं में प्रकाशन हेतु जो समाचार तथा प्रचार समाग्री दी है उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ख) प्रकाशन के लिये भारत से भेजी गई विविध सामग्री में से रूसी समाचार-पत्रों तथा पत्रिकाओं ने वस्तुतः किस अनुपात में तथा कितना प्रकाशित किया है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) प्रेस सूचना कार्यालय–नोवोस्ती करार के अन्तर्गत कार्यालय, सूचना पत्र समाचार नहीं भेजता, वह केवल भारत से सम्बन्धित पृष्टभूमि सूचना, फीचर लेख और फोटो भेजता है । 29 फीचर लेख (जिनमें 14 लेख फोटो सहित थे), जिनका ब्यौरा संलग्न विवरण (अंग्रेजी में) दिया हुआ है, नोवोस्ती को भेजे गये । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 173/68] ये लेख भारत के समाचारपत्रों को भी भेजे गये ।

(ख) "नोवोस्ती" ने पत्र सूचना कार्यालय को सूचित किया है कि उन्होंने पत्र सूचना कार्यालय द्वारा भेजी गई सामग्री को वितरित करना प्रारम्भ कर दिया है। पत्र सूचना कर्यालय की सामग्री के प्रयोग के बारे में ब्यौरा उपलब्ध नहीं है ।

Peaceful Uses of Atomic Energy

1415. **Shri Ram Avtar Sharma:** **Shri Shiv Kumar Shastri :**
Shri Y. S. Kushwah : **Shri Prakash Vir Shastri :**

Will the **Prime Minister** be pleased to state :

(a) whether any scheme has been formulated in regard to the peaceful uses of atomic energy for the coming year ; and

(b) if so, the details thereof ?

The Prime Minister, Miniser of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs : (Shrimati Indira Gandhi) :

(a) and (b) The attention of the Honourable Members is invited to the statement laid on the Table of the House in reply to Starred Question No. 735 dated December 18, 1967 in the Lok Sabha which gives full information about the work done by the Atomic Energy Commission in the peaceful uses of atomic energy.

Research and development work in the application of atomic energy to power generation, agriculture, industry and medicine are proposed to be continued and expanded. The Tarapur Atomic Power Project is expected to be commissioned during the year, while work on atomic power projectsat Pratap Sagar and at Kalapakkam near Madras will proceed further. A beginning is expected to be made in the construction of a Heavy Water Plant, a Fast Breeder Reactor and the Variable Energy Cyclotron.

भारत की नौसेना

1416. **श्री बाबूराव पटेल :** क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रियर एडमिरल श्री एस० एन० कोहली ने समाचार-पत्र संवाददाताओं को बताया है कि भारतीय नौ सेना शीघ्र ही दो पनडुब्बियां प्राप्त कर रही है ;

(ख) क्या नौ सेना के किसी प्रमुख अधिकारी के लिये एक खुले सम्वाददाता सम्मेलन में नौ सेना सम्बन्धी गुप्त रहस्यों को बताया जाना उचित है ;

(ग) क्या इस प्रकार के आचारण के सम्बन्ध में हमारी प्रतिरक्षा सेनाओं के लिये कोई विशेष अनुशासन संहिता है ; और

(घ) यदि हाँ, तो उसकी रूपरेखा क्या है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह): (क) प्रेस से एक अनौपचारिक भेंट में रीयर एडमिरल एस० एन० कोहली ने बताया कि भारतीय नौसेना शीघ्र ही पनडुब्बिएं प्राप्त कर लेगी, परन्तु उन्होंने कोई संख्या नहीं बताई थी ।

(ख) जी नहीं; परन्तु यह बात, कि भारत शीघ्र ही पनडुब्बिएं प्राप्त करेगा गुप्त रहस्य

नहीं है, क्योंकि यह सूचना कई प्रश्नों के उत्तर में संसद् को दी जा चुकी है। 13 नवम्बर 1967 को ही सब से पहले सभा को सूचित किया गया था, कि पनडुब्बिएं प्राप्त करने के लिए पग उठाए गए हैं।

(ग) और (घ) जब तक कि ऐसा करने के लिए अधिकृत न किया जाए वर्गीकृत किस्म की सूचना प्रकट करने के लिए, रक्षा सेना के किसी अफसर पर अभियोग चलाया जा सकता है, और उसे संगत सेवा अधिनियम के अधीन कोर्ट मार्शल द्वारा दंड दिया जा सकता है।

दूतावास के कर्मचारियों द्वारा शराब की बिक्री

1417. **श्री नम्बियार :**
श्रीमती सुशीला गोपालन :
श्री प० गोपालन :
श्री उमानाथ :

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि विदेशी दूतावासों के कुछ कर्मचारी बाहर के लोगों को प्रति दिन शराब बेच रहे हैं; और

(ख) यदि हाँ, तो इसे रोकने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

धारवाड़ और गुलबर्ग रेडियो स्टेशनों से उर्दू कार्यक्रम रिले किये जाना

1418. **श्री मोहसिन :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भूतपूर्व बम्बई-कर्नाटक और हैदराबाद कर्नाटक क्षेत्रों में उर्दू बोलने वाले लोगों की काफी प्रतिशतता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि धारवाड़ और गुलबर्ग रेडियो स्टेशनों से इस समय उर्दू के कोई भी कार्यक्रम रिले नहीं किये जाते; और

(ग) गुलबर्ग और धारवाड़ रेडियो स्टेशनों से उर्दू के कार्यक्रय रिले करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी, नहीं ; अधिक प्रतिशतता नहीं।

(ख) जी, नहीं।

(ग) विविध-भारती के उर्दू के सभी कार्यक्रमों को रिले करने के अतिरिक्त धारवाड़ और गुलबर्ग केन्द्र उर्दू के कुछ अपने कार्यक्रम भी प्रसारित करते हैं। इन प्रसारणों और कार्यक्रमों के रिले करने के अलावा मैसूर राज्य के श्रोता दिल्ली के शक्तिशाली ट्रांसमीटरों से प्रतिदिन प्रसारित होने वाले उर्दू मजलिस के कार्यक्रमों को भी सुन सकते हैं।

Linguistic Knowledge of India's Trade Representatives

1419. **Shri Maharaj Singh Bharati : Shri Ram Sewak Yadav : Shri Inder J . Malhotra :**

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that our trade representatives in other countries do not know any other language except English, as a result of which our trade in all the countries whose language is not English is not increasing ;

(b) if so, the remedial measures being taken by Government in this respect; and

(c) the number of the said representatives knowing the language of the respective non-English speaking countries and the number of those who do not know such languages ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) :

(a) No, Sir. Some of our Trade Representatives though not all, do know the language of the country in which they are functioning.Besides English, ourTrade Representatives are required to know one or more foreign languages. In any case, it is wrong to think that the country's trade depends only on the linguistic proficiency of her Trade Representatives.

(b) Does not arise.

(c) Out of 34 Indian Trade Representatives in non-English speaking countries, 7 know the local language while of the rest some know one or two other foreign languages besides English.

Manufacture of Defence Articles

1420. **Shri Maharaj Singh Bharati** : Will the Minister of **Defence** be pleased to state:

(a) the number of defence articles out of 20,000 articles, the samples of which have been diplayed in the sample room set up at Delhi, for the manufacture of which the manufacturing enterprises have given an undertaking ;

(b) whether Government have started utilising the services of such enterprises ;

(c) if so, the progress made in this regard so far ; and

(d) whether the industrialists have manufactured any articles according to the samples so far and supplied them to Goverment on small profits ?

The Minister of State (Defence Production) in the Ministry of Defence (Shri L. N. Mishra) :

(a) Out of about 18,000 items, 4272 have been taken up for manufacture by private firms, public sector undertakings and EME workshops.

(b) and(c) Yes, supplies in respect of over 1300 items of the value of approximately s. 1 crore have so far materialised.

(d) The items manufactured conform to the drawings/specifications as per the Defence requirements. The prices at which most of the orders have been executed compare favourably with the imported prices.

Circulation Figures of Newspapers

1421. **Shri Maharaj Singh Bharati**: Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) the number of newspapers in whose case the circulation figures were found fabricated during Newspapers Circulation Enquiry Drive in 1966 and the extent to which the figures were exaggerated in each case ; and

(b) the number of newspapers published from Meerut showing fabricated figures of circulation and the action taken by Government against them ?

The Minister of Information and Broadcasting (Shri K. K. Shah) :

(a) During 1966, circulation was found to be exaggerated in respect of 234 newspapers. The details of these cases are given in Statements I and II appended to Chapter XII of "Press in India", 1967, Part I, a copy of which was laid on the Table of the Lok Sabha on 7-8-1967.

(b) Discrepancies in circulation were noticed in the case of 13 newspapers published from Meerut. Where an excess quota of newsprint had been allocated, it was adjusted.

Of the 13 papers, only one, a Hindi daily, was being used by the Directorate of Advertising and Visual Publicity for Central Government advertisements. After the scrutiny by the Registrar of Newspapers, its use was suspended since its circulation was below 1,000 copies, the minimum required for inclusion in the Directorate's media list.

गोपालपुर क्षेत्र (उड़ीसा) में परमाणु सामग्री का सर्वेक्षण

1422. **श्री चिन्तामणि पाणिग्रह** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या उड़ीसा में गोपालपुर क्षेत्र में परमाणु सामग्री का पता लगाने के लिये कोई सर्वेक्षण किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है ; और

(ग) क्या उड़ीसा में पाई गई परमाणु सामग्री को काम में लाने के लिये कोई कार्यवाही की जा रही है ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :

(क) और (ख) 1962-63 में किये गए सर्वेक्षण के परिणाम स्वरूप इस क्षेत्र की समुद्र तटीय रेत में मोनाजाइट, इल्मेनाइट, रयुटाइल तथा जिरकान पाये गए ।

(ग) उड़ीसा के समुद्र तट का सुनियोजित सर्वेक्षण जारी है तथा वहां प्राप्त परमाणु धातुओं को काम में लाने की कार्यवाही सर्वेक्षण के परिणामों का मूल्यांकन पूरा होने पर की जायेगी ।

ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीविजन का विस्तार

1423. **श्री सीताराम केसरी** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने ग्रामीणों को खेती के अधुनिक तरीकों की जानकारी देने तथा शिक्षा का प्रसार करने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीविजन सेटों के विस्तार की कोई योजना तैयार की है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस समय देश में सामुदायिक टेलीविजन सेटों की संख्या कितनी है और इससे कितनी जनता लाभान्वित होती है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) और (ख) जी, हां । विस्तार के पहले चरण में दिल्ली के टेलीविजन केन्द्र का विस्तार करने के अतिरिक्त, बम्बई, कलकत्ता, मद्रास और कानपुर में टेलीविजन केन्द्र स्थापित करने की व्यवस्था है । ये केन्द्र नगरों में कार्यक्रम देने के अतिरिक्त, अपने इर्द गिर्द के ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्यक्रम देंगे ।

(ग) 217 सामुदायिक टेलीविजन सेट टेली-क्लबों में लगे हुए हैं तथा 80 और टेलीविजन दिल्ली में ग्रामीण दर्शकों के लिए लगे हुए हैं । हाल के सर्वेक्षण से पता चलता है कि टेली-क्लबों के दर्शकों की संख्या 20,000 से 25,000 प्रति कार्यक्रम थी । कृषकों के लिए कार्यक्रम को लगभग 16,000 व्यक्ति देखते हैं । इसके अतिरिक्त 548 सेट स्कूलों में लगे हुए हैं जिनसे भौतिक और रसायन विज्ञान के 36,000 विद्यार्थियों को और सामान्य विज्ञान और अंग्रेजी के 96,000 विद्यार्थियों को लाभ हो रहा है ।

दिल्ली क्षेत्र में 5212 घरेलू टेलीविजन लाइसेंस हैं । अन्य क्षेत्रों में सामुदायिक टेलीविजन सेट नहीं है । इन सेटों पर दर्शकों की संख्या, प्रति सेट 10 दर्शकों के अनुमान से, 52,120 होगी ।

टलीविजन सेट लगना

1424. श्री सीताराम केसरी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि टेलीविजन कार्यक्रम से सीमित संख्या में ही लोग लाभ उठाते हैं, जिनमें अधिकतर वे लोग होते हैं जो अच्छे खाते पीते लोग हैं ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार आगामी वर्ष में टेलीविजन सेटों के संधारण व्यय में कमी करने का है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी, नहीं । दिल्ली में टेलीविजन के कार्यक्रम मुख्यतः सामाजिक शिक्षा, कृषि के उन्नत तरीकों की शिक्षा, परिवार नियोजन आदि तथा स्कूलों में शिक्षण में, विशेष रूप से विज्ञान के क्षेत्र में, सहायता करने के लिये होते हैं । मनोरंजन सम्बन्धी कार्यक्रम उसी सीमा तक सम्मिलित किये जाते हैं जिससे श्रोताओं की दिलचस्पी बनी रहे और उनके द्वारा वे शिक्षा सम्बन्धी कार्यक्रमों का लाभ उठा सकें । आकाशवाणी श्रोता अनुसन्धान के अनुसार भी दर्शकों में अधिकांश संख्या विद्यार्थियों, किसानों और मध्य आय प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की होती है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

Setting up of a Radio Station in Kotah Divison, Rajasthan

1425. **Shri Onkar Lal Berwa** : Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) whether Government propose to set up a Rdaio Station in Kotah Division of Rajasthan; and

(b) if so, when ?

The Minister of Information and Broadcasting (Shri K. K. Shah) :

(a) No, Sir. There is no proposal at the moment.This area is being served by the Radio Stations at Indore and Ajmer.

(b) Does not arise.

हिन्दी फिल्में

1426. **श्री चन्द्रशेखर सिंह** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत अक्तूबर में उनके मंत्रालय ने फिल्म निर्माताओं के संगठन को सुझाव दिया था कि हिन्दी फिल्मों के नाम देवनागरी और केवल देवनागरी में होने चाहिये ;

(ख) यदि हां, तो किन प्रयोजन से यह सुझाव दिया गया था ; और

(ग) इसी बारे में फिल्म निर्माताओं की क्या प्रतिक्रिया थी ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) और (ख) जी, हां । भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार का यह सुझाव कि हिन्दी फिल्मों के नाम देवनागरी में दिये जायें, फिल्म उद्योग के ध्यान में लाया गया था । यह फिल्म उद्योग पर निर्भर था कि वह जैसा उचित समझे वैसा निर्णय ले ।

(ग) कुछ फिल्म लेखकों ने इसका स्वागत नहीं किया ।

ईरान में भारतीय फिल्में

1427. **श्री राम चरन** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विदेशों में बनाई गई भारतीय फिल्में ईरान, अफगानिस्तान और अरब देशों में बिल्कुल पसन्द नहीं की जाती हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि विदेशों में बनाई गई फिल्मों की तुलना में भारत में बनाई गई फिल्मों से विदेशी मुद्रा अधिक प्राप्त होती है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार विदेशों में भारतीय फिल्मों की शूटिंग करने पर प्रतिबन्ध लगाने तथा इस कार्य के लिये विदेशी मुद्रा न देने का है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह)

(क) जी, नहीं ।

(ख) नियम के तौर पर नहीं ।

(ग) अभी वर्तमान नीति में परिर्वतन करने का कोई विचार नहीं है ।

पाकिस्तान से प्रतिनिधिमंडल

1428. श्री राम चरन : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पाकिस्तान से कितने सरकारी तथा गैर-सरकारी प्रतिनिधिमंडल दिसम्बर, 1967 से लेकर जनवरी, 1968 तक की अवधि में भारत आये ; और

(ख) इन प्रतिनिधिमंडलों के सदस्य कौन-कौन थे और उनकी यात्रा का उद्देश्य क्या था ?

प्रधान मंत्री, अणु–शक्ति मंत्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक–कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) और (ख) सदन की मेज पर एक विवरण रखा जाता है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 174/68]

गणतंत्र दिवस समारोह के लिये नियंत्रण-पत्र

1429. श्री राम चरन : श्री लखमण लाल कपूर :
श्री हरदयाल देवगुण : श्री विक्रम चंद महाजन :

क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों के लिये गणतंत्र दिवस समारोह के लिये निमंत्रण पत्र भेजने की कसौटी क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि प्रत्येक संसद् सदस्य को केवल पांच सीटें ही दी जाती हैं, जब कि वरिष्ठ अधिकारियों के घरेलू नौकरों तक को आपस में बांटने के लिये काफी कार्ड मिल जाते हैं ; और

(ग) यदि हां, तो क्या निमंत्रण-पत्रों को जारी करने की समूची प्रक्रिया का पुन–विलोकन करने का सरकार का विचार है ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) :

(क) और (ख) इस वर्ष, गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिये केन्द्रीय मंत्रिमंडल के मंत्रियों, राज्यमंत्रियों, उपमंत्रियों, संसद् के सदस्यों, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों, योजना आयोग के सदस्यों, राजनयिकों, दिल्ली महानगर परिषद् के सदस्यों तथा दिल्ली नगर निगम के सदस्यों आदि–आदि को निमंत्रण पत्र दिए गये । जहां तक भारत सरकार के असैनिक अधिकारियों का सम्बन्ध है निमंत्रण पत्र उनको दिए गये थे जिनका अधिकतम वेतन मान 1250 रुपये से कम नहीं था और वास्तविक वेतन 26 जनवरी, 1968 को 900 रुपये मासिक से कम नहीं था, सैन्य बलों में से मेजर और इसके समकक्ष से नीचे के सभी अधि–कारियों तथा कैप्टन और इसके नीचे के तथा इसके समकक्ष के अधिकारियों में से 50% को आमंत्रित किया गया, जहाँ तक दिल्ली प्रशासन के अधिकारियों का सम्बन्ध है निमंत्रण-पत्र उन सब अधिकारियों को दिए गये थे जिनका अधिकतम वेतन मान 850 रुपये से कम नहीं

था और वास्तविक वेतन 600 रुपये मासिक से कम नहीं था। सरकारी उपक्रमों के अधिकारियों में से केवल उनको निमंत्रण-पत्र दिए गये थे जिनका अधिकतम वेतन मान 1400 रुपये से कम नहीं था और वास्तविक वेतन 1100 रुपये मासिक से न्यून न था। कर्मचारी परिषदों और मान्यता प्राप्त कर्मचारी संस्थाओं के पदधारियों को भी निमंत्रण-पत्र दिए गये थे।

जहां तक गैर-सरकारी व्यक्तियों का सम्बन्ध है, उपलब्ध स्थानों को ध्यान में रखते हुए, विभिन्न श्रेणियों के अधिक से अधिक व्यक्तियों को निमंत्रण-पत्र देने का उद्देश्य था। प्राथमिकता उन लोगों को दी गयी जो विदेशों से या दिल्ली के बाहर से आने वाले थे। दिल्ली में स्थायी रूप से रहने वाले व्यक्तियों को दिल्ली प्रशासन द्वारा दी गयी सूची के आधार पर निमंत्रण-पत्र दिए गये। मंत्रियों, संसद् सदस्यों तथा अधिकारियों आदि द्वारा अपने सम्बन्धियों तथा अतिथियों के लिए निमन्त्रण पत्रों के लिए की गयी निवेदनों पर योग्यता के आधार पर जांच की गयी और उपलब्ध स्थानों के आधार पर निमन्त्रण-पत्र दिए गये। संसद सदस्यों को चार-चार स्थान दिए गये। फिर भी, संसद् सदस्यों को मुख्यतः अनुरोध करने पर उनके सम्बन्धियों तथा विधान-सभा-सदस्य जैसे अन्य व्यक्तियों के लिए अधिक निमन्त्रण पत्र दे दिए गये। सामान्यतः अधिकारियों के घरेलू नौकरों के लिए निमन्त्रण पत्र नहीं दिये जाते हैं।

(ग) गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमन्त्रित व्यक्तियों को निमन्त्रण पत्र देने की जो व्यवस्था है उस पर प्रति वर्ष विचार किया जाता है और जहां आवश्यकता होती है उसमें परिवर्तन भी कर दिए जाते हैं।

भारत-पूर्व पाकिस्तान सीमा का सीमांकन

1430. **श्री राम चरण :** **श्री लखन लाल कपूर :**
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 75 मील लम्बी मुर्शिदाबाद- राजशाही सीमा के साथ मौसमी सीमांकन के बारे में भारत और पाकिस्तान के बीच कलकत्ता में 14 जनवरी, 1968 को एक औपचारिक करार हुआ था ; और

(ख) यदि हां, तो करार का ब्यौरा क्या है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) :

(क) और (ख) मुर्शिदाबाद-राजशाही सेक्टर में भारत और पाकिस्तान के बीच की सीमा करीब 78 मील की लम्बाई तक नदीतट की है। हर वर्ष बरसात के मौसम के बाद जगह-जगह कुछ चर-भूमि निकल आती है जिसकी वजह से कभी-कभी सीमा पर वारदातें भी हो गई हैं क्योंकि उनकी मिल्कयत के बारे में शक पैदा हो जाता है। इन वारदातों को रोकने

के लिए मौसमी सीमांकन का तरीका निकाला गया था और हर साल इस प्रकार सीमांकन किया जाता है।

तदनुसार, ढाका में 25 और 26 सितंबर, 1967 को पश्चिमी-बंगाल और पूर्व पाकिस्तान के भू-अभिलेख और सर्वेक्षण निदेशकों का जो सम्मेलन हुआ था, उसके निर्णयों के अनुरूप मुर्शिदाबाद-राजशाही सेक्टर के मौसमी सीमांकन का क्षेत्र-कार्य 16 नवम्बर, 1967 को शुरू किया गया था। क्षेत्रकार्य पूरा होने पर दोनों ओर के अधिकारियों ने 15/17 जनवरी, 1968 को स्थालाकृति कागजों पर हस्ताक्षर कर दिए।

Projects in Uttar Pradesh, West Bengal and Madras

1431. **Shri Ram Charan** : Will the **Prime Minister** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 7070 on the 27th July, 1967 and state:

(a) the reasons for which more projects have been set up in West Bengal and Madras irrespective of the fact that Uttar Pradesh has larger population and is industrially backward ;

(b) the total outlay involved in six projects in West Bengal and Madras ;

(c) whether Government propose to give additional assistance to UttarPradesh during 1967-68 with a view to make up this deficiency ; and

(d) if not, the reasons therefor ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs : (Shrimati Indira Gandhi) :

(a) The location of industrial projects is decided primarily on the basis of techno-economic considerations. Within this limitation the special needs of comparatively backward regions are kept in view.

(b) The investment on the 6 industrial projects in West Bengal and 5 industrial projects in Madras is approximately estimated at Rs.138 crores and Rs.94 crores respectively during the Third Plan period.

(c) and (d) : As the annual provision is related to the requirement of each project, the question of providing additional assistance to any particular State does not arise.

Pak Balloon in Ferozepur

1432. **Shri Shiv Kumar Shastri:** **Shri Y. S. Kushwah:**

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a gas balloon of Pakistan came down in Pandit Colony in Ferozepur on the 22nd January, 1968 ;

(b) whether it is a fact that slogans like Pakistan Zindabad etc. were marked on this balloon ;

(c) whether the Government have made any enquiries in this connection ; and

(d) if so, the details thereof ?

The Prime Miniser, Minister of Atomic Engery, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) :

(a) and (b) A balloon filled with gas and bearing the inscription of "Pakistan Zindabad" etc., landed in the Post and Telegraph Colony in Ferozepur on the evening of January 21, 1968.

(c) an (d): Enquiries made by the Government of India reveal that the balloon had drifted into our territory due to the direction of the wind.

बिहार योजना

1433. श्री दीवीकन : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बिहार सरकार को सूचित किया था कि वह राज्य की 1968-69 की वार्षिक योजना को 75 करोड़ रुपये की राशि से घटाकर 52 करोड़ रुपये की कर दे ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि केन्द्र ने कहा है कि वह केवल 48 करोड़ रुपये अथवा राज्य की योजना में अपना अंश ही दे सकेगा ;

(ग) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि बिहार सरकार ने योजना के आकार में परिवर्तन न किये जाने की मांग की है ; और

(घ) यदि हां, तो क्या बिहार सरकार ने संख्या के आधार पर केन्द्रीय सहायता की राशि में वृद्धि की जाने के लिये सरकार से प्रार्थना की है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) राज्य की 1968-69 की वार्षिक योजना को अन्तिम रूप देने के बारे में अभी योजना आयोग तथा राज्य के मुख्य मंत्री के मध्य विचार-विनिमय नहीं हुआ है।

(ख) से (घ) वर्तमान स्थिति में ये प्रश्न नहीं उठते।

The 'Untold Story' by Lt. Gen. Kaul

1434. **Shri R. S. Vidyarthi :** **Shri Ram Gopal Shalwale :**
Shri Kanwar Lal Gupta: **Shri Gadilingan Gowd:**

Will the Minister of **Defence** be pleased to refer to reply given to Unstarred Question No. 31on the13th November,1967and state the reasons for which Government did not take any action against General Kaul for writing the book "Untold Story",although the Ministry of Law had made a recommendation to that effect?

The Minister of Defence (Shri Swaran Singh):

The examination of the book, carried out in consultation with Ministry of Law, indicated that some information of a classified nature has been disclosed in the book.However, because of the considerable changes made sine1962 in our operational planning, methods of warfare, logistical and other administrative arrangements, the disclosures not unoften in-accurate and imcomplete, do not have the same importance or security value today. Government have, therefore, taken the view that on the whole no advantage is to be gained by proceeding against the author and in fact some harm may be done to public interest.

राष्ट्रपति टीटो के आगमन पर आकाशवाणी से "आंखों देखा हाल" का प्रसारण

1435. श्री विश्वनाथन : श्री यशपाल सिंह :
श्री सेझियान :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी ने पालम हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति टीटो और प्रधान मंत्री श्री कोसीगिन के आगमन पर "आंखों देखा हाल" का प्रसारण केवल हिन्दी में किया था ; और

(ख) यदि हां, तो "आंखों देखा हाल" का प्रसारण अंग्रेजी में न किये जाने के क्या कारण हैं, जैसा कि सामान्यतया पहले किया जा रहा है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) राष्ट्रपति टीटो और प्रधान मंत्री कोसीगिन के पालम हवाई अड्डे पर आगमन का आंखों देखा हाल स्थानीय प्रसारणों के रूप में आकाशवाणी दिल्ली से हिन्दी में प्रसारित किया गया था । बाद में उनके आगमन सम्बन्धी विशेष समाचार-चित्र अंग्रेजी में सायंकाल को, जब सारे देश में कार्यक्रम देने के लिए अतिरिक्त ट्रांसमीटर उपलब्ध थे, प्रसारित किए गए थे ।

(ख) ऐसी कोई निश्चित प्रथा नहीं है कि विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के आगमन का आंखों देखा हाल अंग्रेजी में प्रसारित किया जाए । पालम हवाई अड्डे पर विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के आगमन का आंखों देखा हाल प्रसारित करना अनेक बातों पर निर्भर करता है जैसे आगमन का समय, उन चैनलों और ट्रांसमीटरों का उपलब्ध होना जिन पर प्रसारण किया जा सकता है। क्योंकि प्रधान मंत्री कोसीगिन के आगमन के समय अंग्रेजी में अन्य चैनल उपलब्ध नहीं थे, अतः उनके आगमन पर आंखों देखा हाल स्थानीय प्रसारण के रूप में हिन्दी में प्रसारित किया गया ।

वी० ई० एल० कम्पनी में रेडियो के पुर्जों का निर्माण

1436. श्री वेदव्रत बरुआ : श्री य० अ० प्रसाद :
श्री रा० रा० सिंह देव : श्री धीरेन्द्रनाथ देव ।

क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वी० ई० एल० कम्पनी इस उद्देश्य से रेडियों के सस्ते पुर्जे बना रही है कि देश में अधिक संख्या में रेडियो बनाये जा सकें ; और

(ख) यदि हां, तो 1968-69 के लिये कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र):

(क) भारत एलेक्ट्रानिक्स लिमिटिड वेल्वों और ट्रांजिस्टरों तथा डायोड्ज का निर्माण कर रहे हैं, जो रेडियो रिसीवरों के निर्माण में इस्तेमाल होते हैं । जनवरी, 1968 से उन्होंने ट्रांजिस्टरों और डायोड्ज के मूल्य लगभग 10 प्रतिशत कम कर दिए हैं । रिसीवरों के निर्माताओं ने ऐसा वचन दिया है कि कीमतों में इस कमी का लाभ ग्राहक को दिया जाएगा । इसलिए इससे रेडियों सेटों के मूल्य में कमी करने में सहायता मिलेगी ।

(ख) 1968-69 वर्ष के लिए इन संघटकों के लिए भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटिड के उत्पादन लक्ष्य हैं :—

(1) वेल्व 50 लाख की संख्या में ।

(2) ट्रांजिस्टर और
डायोड्ज 120 लाख की संख्या में ।

मसानी समिति

1437. **श्री स० मो० बनर्जी** : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी के आर्टिस्टों से सम्बन्धित मसानी समिति ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है ;

(ख) क्या कर्मचारियों के कुछ प्रतिनिधियों को विचार-विमर्श तथा साक्ष्य के लिये बुलाया गया था ;

(ग) क्या कुछ प्रतिनिधियों ने अपनाई गई प्रक्रिया पर आपत्ति की थी; और

(घ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी हां ।

(ख) से (घ) आकाशवाणी के स्टाफ आर्टिस्टों द्वारा बनाई गई दो यूनियनों को अभी सरकारी मान्यता नहीं दी गई है और उनके प्रतिनिधियों को निमन्त्रित करने का प्रश्न नहीं उठता । कुछ स्टाफ आर्टिस्टों को अध्ययन दल से व्यक्तिगत आधार पर मिलने के लिये निमंत्रित किया गया था । सभी बैठक में आये थे परन्तु उनमें से तीन, जो एक यूनियन से सम्बन्ध रखते थे, इस आधार पर कि अध्ययन दल को स्टाफ आर्टिस्टों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत न करके, ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों से बात-चीत करनी चाहिए, उठकर चले गये । उनका सुझाव स्वीकार नहीं किया गया क्योंकि दोनों में से कोई भी यूनियन अभी तक मान्यता प्राप्त नहीं है ।

चीनियों द्वारा नेपाल में सड़क का निर्माण

1438. **श्री वेणीशंकर शर्मा** : **श्री लीलाधर कटकी** :
श्री श्रीगोपालन साबू :

क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ।

(क) क्या यह सच है कि ल्हासा-काठमांडू सड़क (कोडारी राजमार्ग) के बन जाने के बाद नेपाल में चीनियों द्वारा एक अन्य सड़क कोडारी से जनकपुरी तक, जो कि भारतीय सीमा से केवल 14 मील पर है, बनाई जा रही है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि चीन की सीमा से भारत की सीमा तक इस सड़क की दूरी केवल 64 मील के लगभग है ; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) चीन की सहायता से नेपाल में जो सड़क बनाई गई है वह काठमांडू को नेपाली सीमावर्ती गांव कोडारी से मिलाती है जो कि तिब्बत के साथ लगने वाली सीमा पर स्थित है ।

(ख) और (ग) भारत सरकार के पास ऐसी कोई सूचना नहीं है कि चीनी सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत जनकपुर को जाने वाली या उसके पास कोई सड़क बनाने की योजना है जोकि दक्षिणवर्ती नगर है। जनकपुर होकर जाने वाली एक पूर्व-पश्चिम सड़क भारतीय सहयोग कार्यक्रम के अन्तर्गत बनाई जा रही है।

बिहार में नये रेडियो स्टेशन

1439. **श्री बेणीशंकर शर्मा :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेडियो स्टेशनों की राज्य-वार संख्या कितनी है तथा उनके नाम क्या हैं और उनमें प्रत्येक पर प्रतिवर्ष कितना व्यय होता है ;

(ख) गत दो सूखों के दौरान बिहार में कितने नये रेडियो स्टेशन चालू किये गये, उन पर कितनी पूंजी लगाई गई और उनका वार्षिक आवर्त्तक व्यय कितना होता है ; और

(ग) बिहार में रेडियो स्टेशनों में नियुक्त आर्टिस्टों तथा अन्य कर्मचारियों की संख्या कितनी है और उनको वेतन अथवा उपलब्धियों के रूप में कितनी राशि दी जाती है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) एक विवरण (अंग्रेजी में) सदन की मेज पर रखा जाता है। [पुस्तकालय में रखा गया देखिये संख्या एल० टी० 175/68]

(ख) बिहार में भागलपुर में मार्च, 1967 में 15 लाख रूपए के पूंजीगत व्यय से एक प्रसारण-केन्द्र चालू किया गया था। 1967–68 के दौरान इस केन्द्र पर लगभग 2.17 लाख रुपए आवर्त्ती-व्यय होने का अनुमान है।

(ग) बिहार के तीन प्रसारण-केन्द्रों अर्थात पटना, रांची और भागलपुर में 331 स्टाफ आर्टिस्ट और नियमित कर्मचारी काम कर रहे हैं। 1967–68 में उनके वेतनों और भत्तों पर कुल 13.7 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है।

अजीज ओलोग जेड का रक्षात्मक अभिरक्षण

1440. **श्री कु० मा० कौशिक :** श्री नायनार।

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा रूसी युवक अजीज ओलोग जेड को दिये गये रक्षात्मक अभिरक्षण का अभिप्राय क्या है ;

(ख) उसे इस प्रकार का संरक्षण देने की क्या आवश्यकता थी ; और

(ग) क्या पहले भी किसी व्यक्ति को ऐसा अभिरक्षण दिया गया था और यदि हां, तो उनके नाम क्या हैं ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)

(क) और (ख) 'रक्षात्मक अभिरक्षण' कोई पारिभाषिक शब्द नहीं है। जहां तक रूसी

नौजवान अजीज ओलोग जेड का संबंध है, फारेनर्स एक्ट 1946 की धारा 3 के अन्तर्गत एक आदेश जारी किया गया था जिसमें उससे कहा गया था कि वह नामांकित जगह पर रहे, उसके आने-जाने और अन्य लोगों से मिलने-जुलने पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया और उससे कह दिया गया कि वह भारत सरकार द्वारा नामांकित अधिकारियों की अनुमति के बगैर भारत छोड़कर न जाए । ये प्रतिबन्ध उसकी अपनी सुरक्षा के हित में लगाए गए थे । उसे न तो गिरफ्तार किया गया था और न नजरबन्दी निरोधक अधिनियम के अन्तर्गत उसे नजरबन्द किया गया ।

(ग) विगत समय में ऐसा कोई और मामला हुआ मालूम नहीं होता ।

परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकना

1441. **श्री समर गुह** : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के बारे में अमरीका-रूस के बीच हुए समझौते में सम्मिलित इस उपबन्ध की ओर ध्यान दिया है, जिसमें गैर-परमाणु शक्तियों को परमाणु इंजीनियरिंग के लिए खंडनीय सामग्री सप्लाई करना स्वीकार किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार भारत में परमाणु इंजीनियरिंग तथा अन्य प्रयोजनों के लिये आयातित अथवा स्वदेशी खण्डनीय सामग्री का प्रयोग करने का है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री; योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी): (क) अट्ठारह राष्ट्रों की निरस्त्रीकरण समिति में अमरीका और सोवियत संघ ने 18 जनवरी, 1968 को एटमी हथियारों का विस्तार न करने के विषय पर संधि का जो संशोधित मसौदा पेश किया था, उसमें यह कहा गया है कि आणविक विस्फोटों के शांतिपूर्ण उपयोगों से उत्पन्न होने वाले ठोस लाभ समुचित अंतर्राष्ट्रीय प्रक्रियाओं के द्वारा अथवा विशेष करारों के परिणामस्वरूप द्विपक्षीय आधार पर ऐसे गैर-एटमी हथियार वाले राज्यों को सुलभ कराए जाएंगे जो संधि के पक्षधर हैं ।

(ख) एटमी विस्फोटक हथियारों के शांतिपूर्ण उपयोगों के लिए सरकार के पास आजकल कोई योजनाएं नही हैं लेकिन बिजली उत्पादन और अनुसंधान के लिए विस्फोटक सामग्री का उपयोग किया जाता है ।

भारत तथा श्रीलंका के प्रधान मंत्रियों की बैठक

1442. **श्री सम्बन्धन** : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ।

(क) क्या राज्यहीन व्यक्तियों के सम्बन्ध में भारत तथा श्रीलंका के बीच हुए समझौते में परिवर्तन करने तथा श्रीलंका के बागानों में मजदूरों की वर्तमान स्थिति का पुनर्विलोकन करने के लिये भारत तथा श्रीलंका के प्रधान मंत्रियों की एक बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

चंडीगढ़ में डिफेंस कालोनी

1443. **श्री श्रीचन्द गोयल** : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चंडीगढ़ में कोई डिफेंस कालोनी बनाई गई है और यदि हां, तो भूतपूर्व सैनिकों के कितने परिवारों को वहां बसाये जाने की संभावना है ;

(ख) क्या देश के अन्य स्थानों में भी इसी तरह की डिफेंस कालोनियां बनाई गई हैं ; और

(ग) भूतपूर्व सैनिकों को भारत सरकार ने और क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की हैं?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मं० रं० कृष्ण) : (क) जी हां, लगभग 2400 कुटुम्ब ।

(ख) जी हां । ऐसी कालोनिएं देहरादून और गोवा में भी स्थापित की गई हैं । जभी सरकार द्वारा अलाट भूमि भवन निर्माण समिति दिल्ली को प्राप्त हुई, दो और कालोनिएं पीतमपुर और नरेला में भी स्थापित की जाएंगी ।

(ग) राज्य सरकारों की मार्फत प्राप्त की गई विकसित भूमि रक्षा सेविवर्ग को, अकेले-अकेले या इस उद्देश्य के लिए बनाई गई सहकारी समितियों के सदस्यों के तौर पर बिना हानि या लाभ के आधार पर अलाट की जाती है। उसके पश्चात् भवनों का निर्माण अलाटियों द्वारा किया जाएगा । इस संबंध में और कोई सुविधाएं देना इस समय प्रस्तावित नहीं है ।

रूसी समाचार एजेंसी 'नोवोस्ती' के प्रेस प्रतिनिधि

1444. **श्री यज्ञदत्त शर्मा** । **श्री काशीनाथ पाण्डेय**।

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि।

(क) क्या यह सच है कि श्री सिमोनोव को रूसी समाचार एजेंसी 'नोवोस्ती' के प्रेस संवाददाता के रूप में भारत सरकार द्वारा अधिकृत रूप से मान्यता दी गई है ;

(ख) क्या श्री सिमोनोव को अपनी गाड़ी के लिये डिप्लोमैटिक नम्बर प्लेट प्राप्त करने की अनुमति दी गई है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने 'नोवोस्ती' को रूसी सरकार का अधिकृत अधिकारी स्वीकार कर लिया है ;

(घ) यदि नहीं, तो उसे डिप्लोमैटिक प्लेट दिये जाने के क्या कारण हैं ; और

(ङ) क्या अन्य विदेशी पत्रकारों को भी ऐसी डिप्लोमैटिक मोटर लाइसेंस प्लेटें दी गई हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठते ।

(ङ) जी, नहीं ।

भारतीय वायुसेना के विमान

1445. श्री यज्ञदत्त शर्मा : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हमारी वायु सेना के 90 प्रतिशत से अधिक विमान विदेशों में बने हुए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो भारतीय वायु सेना के लिये अपेक्षित विमानों की हमारी आवश्यकता के मामले में आत्म-निर्भरता प्राप्त करने के लिये हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड ने क्या कार्यवाही की है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) आई० ए० एफ० में विदेशी विमानों को देशीय विमानों द्वारा बदलने का काम एक लम्बे अर्से की प्रक्रिया है । देश में विमानों का विकास और उत्पादन प्राप्य संसाधनों के अन्तर्गत प्रगतिशील है ।

उत्तर प्रदेश के लिए योजना सम्बन्धी नियतन

1446. श्री चेंगलराया नायडू : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने चौथी योजना के चालू वित्तीय वर्ष के लिये केन्द्रीय नियतन के मामले में केन्द्र द्वारा किये गये भेदभाव के विरुद्ध एक कड़ा विरोध-पत्र भेजा है ;

(ख) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने यह कहा है कि इस कटौती के कारण उसे कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं को छोड़ना पड़ेगा ; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार कुछ और धनराशि नियत करने के बारे में सोच रही है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री, तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी, : (क) जी, नहीं ।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते ।

मध्य प्रदेश को सस्ते रेडियो सेटों की सप्लाई

1447. श्री मणिभाई जे० पटेल : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1968 में सस्ते रेडियो सेट सप्लाई करके मध्य प्रदेश के ग्रामों तथा नगरों में आकाशवाणी के कार्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने की कोई योजना विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) और (ख) सारे भारत के लिए अधिक उपज के कार्यक्रमों के अन्तर्गत, रायपुर के सहायक केन्द्र में स्थित आकाशवाणी की सघन फार्म और गृह प्रसारण यूनिट द्वारा जिन जिलों अर्थात् रायपुर और दुर्ग में कार्यक्रम दिए जाते हैं, उनके ग्राम सेवकों को 700 सस्ते रेडियो सेट देने का एक प्रस्ताव है। ग्राम सेवक इन सेटों का उपयोग छोटे-छोटे समूहों को कृषि कार्यक्रम सुनाने के लिए करेंगे।

सिक्किम में भारत का राजनैतिक कार्यालय

1448. **श्री मणिभाई जे० पटेल :** क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 29 जनवरी, 1968 को 'इण्डियन एक्सप्रेस' समाचारपत्र में "सिक्किम के साथ अधिक निकट का सम्पर्क" (क्लोजर कांटेक्ट विद् सिक्किम) शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित हुए समाचार की ओर दिलाया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : भारत सरकार ने 29 जनवरी, 1968 के 'इण्डियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित श्री रंजन गुप्ता द्वारा गंगतोक से 28 जनवरी, 1968 को प्रेषित रिपोर्ट देखी है।

(ख) इस रिपोर्ट में अत्यंत साधारण तरीके से यह मत व्यक्त किया गया है कि सिक्किम-स्थित भारत के राजनीतिक कार्यालय और सिक्किम के लोगों के बीच कोई निकट संपर्क नहीं है। मत तथ्यों पर आधारित नहीं है।

राजस्थान में प्रेषण (ट्रांसमिशन) प्रणाली

1449. **श्री मणिभाई जे० पटेल :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान में प्रेषण प्रणाली बहुत कमजोर है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इसके कब तक ठीक हो जाने की सम्भावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) और (ख) प्रसारण के विकास में प्रथमिकता सामान्यतः घनी जन संख्या वाले क्षेत्रों को दी जाती है ताकि अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम सुन सकें। राजस्थान एक बिखरी हुई जन संख्या वाला प्रदेश है, अतः घनी जन संख्या वाले प्रदेशों की अपेक्षा इसका प्रसारण-क्षेत्र कुछ कम हैं। पहले से ही चालू योजनाओं के पूरा हो जाने पर राजस्थान के 50 प्रतिशत से कुछ अधिक क्षेत्र में कार्यक्रम सुने जा सकेंगे जबकि तृतीय पंचवार्षीय योजना के अंत तक अखिल भारतीय औसत 52 प्रतिशत थी।

नाथूला में चीनियों का प्रचार

1450. श्री इन्द्रजीत गुप्त : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नाथूला में चीनियों द्वारा लाउड स्पीकरों के द्वारा किये जाने वाला प्रचार हिन्दी भाषा में किया जा रहा है ;

(ख) क्या हमारी ओर से प्रतिरोधी प्रसारण चीनी भाषा में किया जाता है ; और

(ग) यदि हां, तो हमारी प्रसारण संबंधी सामग्री का चयन किस प्रकार होता है और ये प्रसारण किस प्रकार तैयार किये जाते हैं और किसके द्वारा ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) और (ख) जी, हां ।

(ग) प्रतिरोधी-प्रसारणों की सामग्री केन्द्रीय रूप से तैयार की जाती है ।

भारतीय राजदूतों के रिक्त पद

1451. श्री इन्द्रजीत गुप्त : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने तथा किन-किन देशों में भारतीय राजदूतों के पद इस समय रिक्त हैं ;

(ख) प्रत्येक पद कितनी अवधि से रिक्त पड़ा हैं और उसके क्या कारण है ; और

(ग) इन पर कब तक और किनकी नियुक्तियां करने का विचार है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :

(क) से (ग) विदेशों में भारतीय मिशन प्रमुखों के 7 पद हैं जो आजकल खाली हैं। इनमें से तीन शीघ्र ही भर दिए जाएंगे। बाकी चार पर नियुक्तियां करने पर विचार हो रहा है। ये सभी रिक्तियां सामान्य स्थानांतरण और सेवानिवृत्तियों के कारण हुई हैं। शेष विवरण ब्यौर में दे दिया गया है जो नीचे रखा है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 176/68]

सैनिक भूमि तथा छावनी सेवा

1452. श्री निहाल सिंह : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ऐसे कितने व्यक्ति हैं जिनका पिछले 6–7 वर्षों से सैनिक भूमि तथा छावनी सेवा में नियुक्ति के बाद अभी तक पुलिस सत्यापन तथा डाक्टरी परीक्षा नहीं की गई है जिसके कारण उन्हें न तो अर्ध स्थायी/स्थायी ही घोषित किया जा सका है और न ही पदोन्नति के अवसर मिले हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और यथासमय सभा के पटल पर रख दी जायेगी ।

Purchase of Tungsten Metal

1453. **Shri Nihal Singh** : Will the Minister of **Defence** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 136 on the 20th November, 1967 and state :

(a) whether the information regarding the purchase of Tungsten metal has since been collected ; and

(b) if so, the details thereof ?

The Minister of State (Defence Production) in the Ministry of Defence (Shri L. N. Mishra) : (a) Yes, Sir.

(b) A statement is attached. [**Placed in Library. See No. LT—177/68**

Indians Under Detention in Foreign Countries

1454. **Shri Nihal Singh** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1056 on the 20th November, 1967 and state :

(a) whether the information about the Indians under detention in Burma and other countries has since been collected; and

(b) if so, the details thereof ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) :

(a) Statistics of Indians under detention in Iraq, U. S. A. and U. K. are awaited.

(b) The number of Indians in foreign countries other than those mentioned above who are under detention and the reasons for detention are shown in the Statement attached. [**Placed in Library. See No. LT—178/68**) The position regarding Indians under detention in Pakistan is as stated in answer to Lok Sabha Unstarrted Question No. 64 on 13-11-1967.

सुरक्षा दल टुकड़ियों के बीच गलतफहमी के कारण गोलीबारी

1455. **श्री समर गुह** : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मिजोलैंड में तैनात पंजाब रेजीमेंट तथा आसाम राइफल्स ने गलतफहमी में एक दूसरे पर गोलियां चलाई थीं जिसके परिणामस्वरूप दोनों ओर बहुत से व्यक्ति हताहत हो गये थे ;

(ख) क्या इसी प्रकार कुछ समय पहले मिजोलैंड में व्याप्त स्थिति पर काबू पाने के लिये तैनात सैनिकों अथवा पुलिसमैनों की अपनी ही टुकड़ियों के बीच गोलियां चलाने की घटना भी घटी थी ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौर क्या है और ऐसी दुर्घटनाओं की जांच करने तथा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ललित नारायण मिश्र) :

(क) और (ख) जी नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

तारापुर परमाणु बिजलीघर

1456. श्री जार्ज फरनेंडीज : श्री चन्द्रशेखर सिंह :
श्री मोहन स्वरूप :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करगे कि :

(क) तारापुर परमाणु बिजलीघर कब चालू हो जायेगा ;

(ख) इसके चालू हो जाने पर इसमें कितनी बिजली पैदा होगी ;

(ग) बिजली किस दर पर बेचने का विचार है ;

(घ) इस परियोजना पर अब तक कितनी धनराशि व्यय हो चुकी है ; और

(ङ) इस परियोजना पर कितनी लागत आयेगी ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :

(क) यह बिजलीघर सन् 1968 की अन्तिम तिमाही में चालू होगा।

(ख) 390 मैगावाट (शुद्ध)।

(ग) महाराष्ट्र तथा गुजरात राज्य बिजली बोर्डों को बिजली किस दर पर बेची जाये यह अभी विचाराधीन है।

(घ) ईंधन की कीमत के अलावा परियोजना पर जनवरी, 1968 के अन्त तक खर्च होने वाली धनराशि 56·85 करोड़ रुपये थी।

(ङ) ईंधन की कीमत के अलावा बिजलीघर पर 65.03 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

कोचीन नौसैनिक अड्डे के असैनिक कर्मचारी

1457. श्री विश्वनाथ मेनन : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि कोचीन नौसैनिक अड्डे के असैनिक कर्मचारियों को जिनकी सेवाएं 1965 और 1966 में समाप्त कर दी गई थीं अभी तक कोई सेवा निवृत्ति लाभ जैसे उपदान, पेंशन या भविष्य निधि नहीं मिली है ; और

(ख) उन कर्मचारियों को राहत पहुंचाने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मं० रं० कृष्ण) : (क) और (ख) नौसेना अड्डे कोचीन के (4 स्थायी और 5 अस्थायी) 9 असैनिक कर्मचारियों की सेवाएं 1965 और 1966 के दौरान समाप्त की गई थीं। जिन स्थायी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की गई थीं, वह किसी पेन्शन के अधिकारी न थे। अस्थायी कर्मचारी पेन्शन, उपदान या करुणामूलक भत्ते के अधिकारी नहीं, होते उन में से एक को, उसे देय प्राविडेंट फंड की राशि अदा कर दी गई

है, दूसरे को नौसेना डॉकयार्ड कार्मिकों के प्राविडेंट फंड की देय राशिएं प्रदान कर दी गई हैं अन्य । तीन अस्थायी कर्मचारियों के मामले निरीक्षण अधीन हैं।

बर्मा तथा श्रीलंका से स्वदेश लौटने वाले भारतीय

1458. **श्री विश्वनाथ मेनन** : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को बर्मा तथा श्रीलंका से स्वदेश लौटने वालों से इस आशय का कोई अभ्यावेदन मिला है कि सरकार इसके लिए कोई उपयुक्त कार्यवाही करे कि वे लोग उन देशों के बैंकों में अपनी जमा राशि जिसे उन देशों की सरकारों ने निरुद्ध कर रखा है निकाल सकें ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने उस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की है ?

प्रधान–मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना-मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) सरकार को बर्मा के प्रत्यावर्तियों से इस प्रकार के शिकायत-पत्र मिले हैं। जहां तक श्रीलंका का प्रश्न है, जो लोग भारत-श्रीलंका करार (1964) के अन्तर्गत अब तक भारत आ गये हैं, उन्हें करार की व्यवस्था के अनुसार अपनी परिसंपत्ति ले जाने की अनुमति है । हमारे हाई कमीशन से कहा गया है कि वह हमें ताजी स्थिति बताए ।

(ख) भारतीय प्रत्यावर्तियों (रिपेट्रिएट्स) ने बर्मा के बैंकों में जो आस्तियां छोड़ी हैं, उनके विषय में भी दोनों सरकारों के बीच भारतीयों की आस्तियों के मुआविजे पर बात-चीत हुई है ।

एर्णाकुलम में प्रतिरक्षा सम्बन्धी मंडप

1459. **श्री विश्वनाथ मेनन** : क्या प्रतिरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार को कोचीन निगम की प्रदर्शन समिति से कोई प्रार्थना मिली है कि एर्णाकुलम में होने वाली प्रदर्शनी में इस वर्ष प्रतिरक्षा सम्बन्धी मंडप होना चाहिये ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) क्या पिछले वर्ष हुई प्रदर्शनी में प्रतिरक्षा सम्बन्धी मंडप लगाया गया था ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) :

(क) से (ग) एर्णाकुलम में 1966-67 में आयोजित की गई अखिल भारतीय कृषि तथा औद्योगिक प्रदर्शनी में एक रक्षा मंडप संगठित किया गया था । एर्णाकुलम में 1967-68 की अखिल भारत कृषि तथा औद्योगिक प्रदर्शनी में भी एक रक्षा मंडप स्थापित करने के लिये एक प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुआ था । तदपि, इस तथ्य को समक्ष रखते हुये कि एर्णाकुलम और केरल के अन्य स्थानों समेत समस्त देश के विभिन्न स्थानों के भ्रमण के लिये रक्षा प्रदर्शनी रेलगाड़ियां संगठित की गई हैं, और प्राप्य संसाधनों के पहले से वचन बद्ध हो जाने के कारण, प्रार्थना-को स्वीकार करना सम्भव न हो पाया ।

रेयर अर्थ्स एल्लूर, केरल

1460. **श्री विश्वनाथ मेनन** : क्या प्रधान–मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेयर अर्थ्स एल्लूर (केरल) के विस्तार की कोई योजना है ;

(ख) यदि हां, तो इस विस्तार कार्यक्रम के लिये कितना धन नियत करने का विचार है ; और

(ग) यह कार्य कब आरम्भ होगा और कब तक इसे पूरा करने का समय निर्धारित किया गया है ?

प्रधान मंत्री अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) :

(क) से (ग) एल्लूर स्थित संयंत्र का आगे विस्तार विचाराधीन है । अनुमान है कि विस्तार योजना को पूरा करने में 60 लाख रुपये व्यय होंगे । तथापि, अब तक इस सम्बन्ध में कोई निर्णय नहीं किया गया है ।

केरल के त्रावनकोर देवास्वम बोर्ड से ज्ञापन

1461. श्री विश्वनाथ मेनन : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को केरल के त्रावनकोर देवास्वम बोर्ड के अध्यक्ष से साबरीमाला तीर्थयात्रा का समाचार दर्शन (न्यूज रील) तैयार करने के बारे में कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उनकी प्रार्थना के अनुसार काम कर दिया गया है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) :

(क) जी, हां ।

(ख) जी, हां । साबरी माला तीर्थ यात्रा 2 फरवरी, 1968 को रिलीज किये गये इन्डियन न्यूज रिव्यू संख्या 1008 में दी गई थी, इसका शीर्षक था "साबरी माला की तीर्थ यात्रा" ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

संयुक्त राष्ट्र संघ के लिये प्रतिनिधि मंडल

1462. श्री क० लकप्पा : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रति वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ को प्रतिनिधि मंडल भेजते समय वहां विचार-विमर्श के मार्गदर्शन के बारे में सरकार ने सभी राजनैतिक दलों के विचार प्राप्त किये हैं ।

(ख) यदि हां, तो सरकार की इस बारे में क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) और (ख) जी नहीं । इस उद्देश्य के लिये सभी राजनीतिक दलों की आम

राय जानने अथवा उनसे सलाह-मशविरा करने की आवश्यकता नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में हमारा प्रतिनिधिमंडल सरकार का प्रतिनिधित्व करता है।

दक्षिण कोरिया की समस्यायें

1463. श्री क० लक्कप्पा : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोरिया के महावाणिज्य दूतावास द्वारा भारत सरकार को दक्षिण कोरिया की समस्याओं के बारे में बताया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो दक्षिण कोरिया की वैदेशिक तथा आन्तरिक समस्याओं के बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) :

(क) नई दिल्ली में कोरिया का कोई राजदूतावास नहीं है क्योंकि दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के साथ सिर्फ कोंसली सम्बन्ध है। दक्षिण और उत्तर कोरिया प्रधान कोंसल समय-समय पर विभिन्न मामलों पर, खासतौर से कोरिया के पुनः एकीकरण पर, अपनी-अपनी सरकारों के विचारों से हमारी सरकार को अवगत कराते हैं।

(ख) सरकार ने उत्तर और दक्षिण कोरिया, दोनों के साथ व्यापारिक और वाणिज्यिक सम्बन्ध बढ़ाने की कोशिश की है। कोरिया के पुनः एकीकरण के प्रश्न पर सरकार का यह ख्याल है कि मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीकों से दूर करने की कोशिश की जानी चाहिये ताकि कोरिया स्वाधीन हो सके और एक हो जाये।

Films on Scientific Methods of Agriculture

1464. **Shri Baswant** : Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) whether there is some proposal to prepare films for demonstration to the farmers the scientific methods of increasing production of foodgrains in the required languages so that they can understand them in their own language through films ; and

(b) if so, the details thereof ?

The Minister of Information and Broadcasting (Shri K. K. Shah) : (a) and (b) The Films Division has been producing, among others instructional films demonstrating scientific methods of increasing production of foodgrains. These films are released in several language versions to suit specific areas of the Country. A statement of such films already produced and those under production is laid on the Table of the House. **(Placed in Library. See No. LT-179/68).**

दार्जिलिंग में अर्जित की गई जुर्मानों के लिये मुआवजा

1465. श्री चपलाकान्त भाट्टाचार्य : क्या प्रतिरक्षा मंत्री 20 नवम्बर, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1085 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दार्जिलिंग के सिलीगुड़ी सबडिवीजन में सैनिक कार्यों के लिये अधिगृहीत भूमि के बारे में मुआवजे के निर्धारण का शेष कार्य अपेक्षित वित्तीय मंजूरी का देना और मुआवजे की बकाया राशि और किराये की अदायगी का काम पूरा हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या दी गई राशि का ब्यौरा देने वाला एक विवरण सभा-पटल पर रखा जायेगा ; और

(ग) यदि नहीं, तो इस कार्य के कब तक पूरा हो जाने की सम्भावना है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ललित नारायण मिश्र) : (क) से (ग) 35 में से 28 प्रायोजनाओं के सम्बन्ध में निर्धारण वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने का कार्य सम्पूर्ण हो चुका है । 6 प्रायोजनाओं का निर्धारण वित्तीय स्वीकृति के लिये निरीक्षण अधीन है, और निरीक्षण सम्पूर्ण हो जाने के पश्चात् उनकी शीघ्र ही स्वीकृति दे दी जाएगी। 640 एकड़ों को आवृत्त करने वाली शेष एक योजना के लिए निर्धारण अभी कलेक्टर द्वारा सम्पन्न नहीं किया गया ।

स्थानीय राजस्व अधिकरणों द्वारा अब तक की गई अदायगिएं लगभग 16.60 लाख रुपये की है । इसमें लगभग 13.99 लाख रुपये शेष निलम्बित 7 प्रायोजनाओं के सम्बन्ध में निर्धारण और वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने तक "उन के हिसाब में" अदा किए गए हैं ।

अदायगी के लिये अधिकारी व्यक्ति के सम्बन्ध में निर्णय लेने और अदायगी करने का उत्तरदायित्व स्थानीय कलेक्टर का है । तदनुसार राज्य सरकार से प्रार्थना की गई है कि वह कलेक्टर को कहें कि जहां वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है वह शीघ्र अदायगी करे, और जहां निर्धारण नहीं हो पाया शीघ्र निर्धारण करे ।

भारत में बनी फिल्में

1466. **श्री चपलाकांत भट्टाचार्य :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मलयेशिया सरकार ने भारत में बनी कुछ फिल्मों के वहां दिखाये जाने पर हाल ही में रोक लगा दी हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

मंत्रीमंडल की नई प्रतिरक्षा समिति

1467 **श्री शिवचन्द्र झा :** **श्री रामावतार :**

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या यह सच है कि मंत्रिमंडल की एक नई प्रतिरक्षा समिति बनाई गई है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके सदस्य कौन-कौन हैं और यह क्या विशिष्ट कार्य करेगी ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) और (ख) इस सम्बन्ध में जानकारी देना लोकहित की दृष्टि से उचित नहीं है ।

सेना में वामपंथी साम्यवादियों का आ जाना

1468. श्री सु० कु० तापडिया : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को सेना में वामपंथी साम्यवादी तत्वों के आ जाने का पता है ; और

(ख) क्या सरकार ने उनके सेना में बड़े पैमाने पर आ जाने और सेना में तोड़फोड़ की गतिविधियों को रोकने के लिये आवश्यक पूर्वोपाय कर लिये हैं ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) और (ख) सरकार विध्वंस के सम्भावित साधनों और विध्वंस के प्रयासों पर सतर्कता से नजर से रखती है, और उन से उपयुक्त तौर पर निपटती है ।

नये प्रसारण केन्द्र

1469. श्री गाडिलिंगन गौड : श्री रा० बरुआ :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1968-69 में देश में नये प्रसारण केन्द्रों की स्थापना के कोई प्रस्ताव हैं ; और

(क) यदि हां, तो ये नये केन्द्र किन शहरों में खोले जायेंगे ?

सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) :

(क) और (ख) 1968-69 के दौरान निम्नलिखित प्रसारण केन्द्रों या ट्रांसमीटरों के स्थापित हो जाने की संभावना है :—

1. डिबरूगढ़ ..... नया प्रसारण केन्द्र ।
2. कलकत्ता ..... एक अति ऊंची शक्ति का मीडियम वेव ट्रांसमीटर और एक ऊंची शक्ति का ट्रांसमीटर
3. जलंधर ऊँची शक्ति का मीडियम वेव ट्रांसमीटर
4. पणजी (गोआ) मध्यम शक्ति का मीडियम वेव ट्रांसमीटर ।

व्यापारिक प्रसारण

1470. श्री गाडिलिंगन गौड : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी में व्यापारिक प्रसारणों के लिये क्या दर नियत की गई है ; और

(ख) 31 दिसम्बर, 1967 तक इससे कितना राजस्व प्राप्त हुआ ?

सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) :

(क) वाणिज्यिक विज्ञापनों के लिए आकाशवाणी द्वारा निश्चित की गई दरें इस प्रकार हैं :—

		रविवार			सप्ताह के दिन		
	अवधि	क	ख	ग	क	ख	ग
		रुपये	रुपये	रुपये	रुपये	रुपये	रुपये
15	सैकंड	80	50	20	50	20	15
30	सैकंड	140	90	30	90	40	30
1	मिनट	230	150	60	150	70	40
	निश्चित स्पोट				25 प्रतिशत अधिक		
	विशेष स्थिति				25 प्रतिशत अधिक		
	शनिवार (2.30 अपरान्ह से 3·30 अपरान्ह तक)				10 प्रतिशत अधिक		

अकेली स्थिति के लिए 2 मिनट प्रभार जमा 25 प्रतिशत होगा ।

क. (वह समय जब कार्यक्रमों का जोर होता है)	प्रातः 8·30 बजे से 9·30 बजे तक, 11·00 बजे से अपरान्ह 12·30 बजे तक, अपरान्ह 2·30 बजे से 3·30 तक, सायंकाल 6·45 बजे से 8·30 बजे तक, रात्रि में 9·15 बजे से 10. 35 बजे तक ।
ख. (वह समय जब कार्यक्रमों का कुछ जोर हो)	रात्रि में 8.45 बजे से 9·15 बजे तक ।
ग. (वह समय जब कार्यक्रमों का जोर न हो ।)	प्रातः 7·40 बजे से 8·15 बजे तक, 10.15 बजे से 10·55 बजे तक, अपरान्ह 2·00 बजे, से 2.30 बजे तक, 3.30 बजे से 3.45 बजे तक ।

(ख) नवम्बर और दिसम्बर, 1967 के दोनों मास में हुई कुल शुद्ध आय 6,43,849/- रुपए थी ।

बड़ौदा में रेडियो स्टेशन

1472. श्री मणिभाई जे० पटेल : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बड़ौदा में आकाशवाणी का केन्द्र कब शुरू हुआ था ;

(ख) जब यह केन्द्र शुरू किया गया था उस समय इसका आकार क्या था ; और

(ग) केन्द्र के भवन का प्रतिमास कितना किराया दिया जाता है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) और (ख) बड़ौदा का मूल रेडियो केन्द्र महाराजा बड़ौदा द्वारा जनवरी, 1947 में चालू किया गया था और वह आकाशवाणी द्वारा दिसम्बर, 1948 में लिया गया था। उस समय वार्षिक किराया 6,511 रुपये था। आकाशवाणी ने जब उसे लिया था तब उसमें 5 किलोवाट का एक मीडियम वेव ट्रांसमीटर और 4 स्टूडियो का एक स्टूडियो केन्द्र था।

(ग) वर्तमान जगह का मासिक किराया 3,545 रुपए (करों सहित) है।

Atrocities Committed on Rajputs in West Pakistan

1473. **Shri Onkar Lal Berwa:** Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it a fact that atrocities are being perpetrated on the Saudha Rajputs in the Thaiparkar District of West Pakistan ; and

(b) if so, the action taken by Government in regard thereto ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) :

(a) Government has no such information.

(b) Does not arise.

पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिये कार्यक्रम

1474. श्री गु० सि० ढिल्लों : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या 16 जनवरी, 1968 को भुवनेश्वर में एक सार्वजनिक भाषण में उन्होंने घोषणा की थी कि समूचे देश तथा प्रगतिशील क्षेत्रों के हित में पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए एक विशेष कार्यक्रम पर विचार किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या इस कार्यक्रम में 1965 के भारत-पाक युद्ध से क्षतिग्रस्त हुए क्षेत्रों को भी सम्मिलित किया जायेगा ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) प्रधान मन्त्री ने पिछड़े क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह नहीं कहा कि विशेष कार्यक्रम के बारे में विचार किया जा रहा है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

मैक्सिको-अमरीका अणु-शक्ति परियोजना

1475. श्री गु० सि० ढिल्लों : क्या प्रधान मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने 'गैस बग एक्सपैरिमैंट्स' कहे जाने वाली मैक्सिको-अमरीका अणु-शक्ति परियोजना के तकनीकी ब्यौरे का पता लगाने के लिये कोई प्रयास किया है ;

(ख) क्या प्राकृतिक गैस के उत्पादन हेतु सफलतापूर्वक किये गये विश्व के प्रथम शान्ति-पूर्ण अणु विस्फोट के बारे में हमारे वैज्ञानिकों के लिये कोई लाभदायक जानकारी प्राप्त हुई है ; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं ?

प्रधान मंत्री अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) :

(क) जी, हां।

(ख) और (ग) गैस बग्गी प्रायोजना के अन्तिम परिणाम लगभग एक वर्ष तक प्राप्त होने की सम्भावना है।

राष्ट्र ध्वजा को सलामी

1477. **श्री वे० कु० दासचौधरी :**
श्री मोहन स्वरूप :
श्री श्रीचन्द गोयल :
श्री चपलाकांत भट्टाचार्य :
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या प्रतिरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसूर में राष्ट्रीय छात्रसेना दल के केडिटों ने 26 जनवरी, 1968 को गणतन्त्र-दिवस की परेड के समय राष्ट्र ध्वज को सलामी नहीं दी थी ; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मं० रं० कृष्ण) : (क) गवर्नमेंट कालेज, मेरकारा के एन० सी० सी० छात्रों ने 26 जनवरी, 1968 के गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रध्वज को सल्यूट नहीं दिया था।

(ख) एक कोर्ट आफ इन्क्वायरी आदिष्ट की गई है, और उसकी कार्यवाही प्रतीक्षित है।

पूर्वी पाकिस्तान में पृथकतावादियों का आन्दोलन

1478. **श्री जुगल मंडल :** क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान में पृथकतावादियों की कार्यवाही के लिये भारत पर आरोप लगाया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) 6 जनवरी, 1968 को पाकिस्तान सरकार ने आरोप लगाया कि अगरतला में एक भारतीय राजनयिक और कुछ भारतीय सैनिक अधिकारियों ने पाकिस्तान सरकार के खिलाफ षड़यंत्र में कई पाकिस्तानियों की सहायता की ।

(ख) भारत सरकार ने आरोपों को निश्चित रूप से अस्वीकार किया है और इस पर खेद प्रकट दिया है कि पाकिस्तान सरकार ने भारतीय अधिकारियों को ऐसे मामले में झूठे ही फसाने की कोशिश की है जो कि अनिवार्य रूप से पूर्व पाकिस्तान की आंतरिक घटना है ।

तिब्बती शरणार्थी

1479. श्री जु० कि० मंडल : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तिब्बती शरणार्थी अभी भारत आ रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उसके बारे में छानबीन करने के लिये क्या व्यवस्था की गई है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) जी हां, 126 तिब्बती शरणार्थियों का आखिरी दल 18/19-11-67 को भारत में पहुंचा था ।

(ख) पूछताछ करने वालों के एक दल द्वारा तिब्बतीय शरणार्थियों से अच्छी तरह पूछताछ की जाती है ताकि विध्वंसक तत्वों को पकड़ा जा सके और उन्हें घुसने न दिया जाए । जब कभी किसी की असलियत पर शक होता है तो उसे निवारक नजरबन्दी कानून के अंतर्गत रोक लिया जाता है ।

24 जुलाई, 1967 को लोक-सभा तारांकित प्रश्न संख्या 1348 के उत्तर में और 18 दिसम्बर, 1967 को लोक-सभा में तारांकित प्रश्न संख्या 722 के उत्तर में यह सूचना दी जा चुकी है ।

लेह के साथ सम्पर्क के लिये सड़क का निर्माण

1480. श्री हिम्मतसिंहका : क्या प्रतिरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नुवरा घाटी को लेह के साथ जोड़ने वाली सड़क का निर्माण-कार्य चालू हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) लेह और देश के शेष भाग के बीच सम्पर्क के लिये इस सड़क के निर्माण में केन्द्र का अंशदान कितना है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) :

(क) नुवरा घाटी को लेह से मिलाने के लिए सड़क का निर्माण, सीमा सड़क विकास बोर्ड के कार्यक्रम में शामिल नहीं है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

गणतंत्र-दिवस परेड (1968) को बैठने की व्यवस्था

1481. श्री जगन्नाथ राव जोशी : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गणतन्त्र-दिवस परेड (1968) के समय शेख अब्दुल्ला के बैठने के लिए पांचवीं पंक्ति में तथा दिल्ली के मेयर के बैठने के लिए सांतवीं पंक्ति में व्यवस्था की गई थी ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) :

(क) शेख मुहम्मद अब्दुल्ला और दिल्ली के मेयर दोनों के लिए स्थानों का प्रबन्ध,

मन्त्रियों, संसद् सदस्यों और अन्य महान् विभूतियों के लिए उद्दिष्ट वी–1 अहाते में किया गया था ।

(ख) उन महान् विभूतियों को बिठाने का प्रबन्ध कि जो गणतन्त्र-दिवस परेड देखने के लिए आमन्त्रित किए गए थे अग्रता क्रम की सारणी में उनके अपने-अपने स्थान के अनुसार किया गया था । किसी महान व्यक्ति को जिसने अपने पद प्रभार का त्याग किया हो, प्रायः उस पद प्रभार को धारण करने वाले के बाद बिठाया जाता है । राज्यों के मुख्य मंत्री धारा 15 में आते हैं, जब कि दिल्ली के मेयर को अग्रताक्रम की सारणी में धारा 28 के पश्चात् और धारा 29 से पहले स्थान दिया गया है ।

Industrial Collaboration with Mauritius

1482. **Shri O. P. Tyagi** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether attention of Government has been drawn towards a recent statement made by the Prime Minister of Mauritius where in welcoming the investment of foreign capital in the industrial development of his country and offering extension of all possible assistance to foreign industrialists;

(b) if so, the reaction of the Government thereto ; and

(c) whether Indian industrialists have also expressed a desire to establish industries there and the number of those who have sought permission from Government therefor ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) :

(a) and (b) No, Sir. Government is, however, aware that the Government of Mauritius would welcome investment of foreign capital. Every possible ecouragement and facility will be given by our Government to entrepreneurs and industrialists wishing to establish joint industrial ventures in Mauritius.

(c) Yes, Sir. Three Industrialists have expressed their interest to estabish industries in Mauritius.

प्रतिरक्षा तैयारी

1483. **श्री ओ० प्र० त्यागी :** क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाकिस्तान की प्रतिरक्षा तैयारी को दृष्टि में रखते हुए हमारे सैनिक विशेषज्ञों ने हमारी प्रतिरक्षा तैयारी के बारे में सरकार को एक योजना पेश की थी ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त योजना पर विचार नहीं हुआ क्यों कि वित्त मंत्रालय ने उस पर होने वाले व्यय की स्वीकृति नहीं दी थी ; और

(ग) यदि हां, तो पाकिस्तानी हमले के विरुद्ध भारत की रक्षा के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) :

(क) 1966–71 के लिए रक्षा आयोजना में जो सेवाओं के मुख्यालयों से सलाह-मशविरे के साथ तैयार की गई थी और सरकार द्वारा अनुमोदित की गई थी वह विभिन्न उपाय

समावेशित किए गए हैं जो देश की रक्षा के लिए आवश्यक समझे गए हैं। सेवाओं के मुख्यालयों द्वारा कोई अन्य योजना या प्रायोजना नहीं भेजी गई है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

पालम के हवाई अड्डे से टायरों और ट्यूबों की चोरी

1484. **श्री गाडिलिंगन गौड** : क्या प्रतिरक्षा मंत्री 10 जुलाई, 1967 को अतारांकित प्रश्न संख्या 5087 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पालम हवाई अड्डे से टायरों और ट्यूबों की चोरी के बारे में की जा रही जांच पूरी हो गई है ;

(ख) क्या अपराधियों का पता लग गया है ; और

(ग) यदि हां, तो उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) :

(क) से (ग) इसका कोई सूत्र चिन्ह नहीं मिला, ऐसे घोषित करके मामला पुलिस द्वारा न्यायालय को भेज दिया गया है तदापि, मामले की वायु सेना द्वारा, जांच के लिए नियुक्त की गई कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी ने अपनी कार्यवाही भेज दी है। वायुसेना के 4 सेविवर्ग और दो असैनिक, कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी द्वारा पर्यवेक्षण के अभाव और लापरवाही के दोषी ठहराए गए हैं। वायुसेना के सेविवर्ग के विरुद्ध प्रशासनिक कार्य किया गया है। असैनिकों में से एक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रगतिशील है। दूसरे असैनिक को वायु सेना से निवृत्त कर दिया गया है।

चीन जाने वाले नागा

1485. **श्री दी० चं० शर्मा** : क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भूमिगत विद्रोही नागाओं के दो दल, जिनमें लगभग 500 नागा हैं, चीन जाने के उद्देश्य से हाल ही में नेफा के तीरप सीमान्त जिले की ओर जाते बताए गये थे ; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) छिपे नागाओं से और उनकी गतिविधियों से संबद्ध सभी सूचना वर्गीकृत होती है।

(ख) भारत सरकार ने छिपे नागाओं की गैर-कानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं और उठा रही है।

भारतीय साम्यवादी नेताओं के साथ रूस के प्रधान मन्त्री की बैठक

1486. **श्री यशपाल सिंह** : **श्री यज्ञदत्त शर्मा** :

क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनवरी, 1968 में अपनी हाल की यात्रा के दौरान रूस के प्रधान मंत्री भारतीय साम्यवादी नेताओं से मिले थे ;

(ख) यदि हां, तो उनके बीच क्या बातचीत हुई हैं ; और

(ग) क्या इस बैठक के बारे में, सरकार को पूर्व जानकारी थी ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री योजना मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मन्त्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) और (ख) सरकार ने इस आशय की प्रेस रिपोर्ट देखी है कि सोवियत राजदूतावास में सोवियत प्रधान मंत्री और कुछ भारतीय साम्यवादी नेताओं की प्राइवेट मीटिंग हुई थी । यह नहीं मालुम हुआ है कि किस प्रकार की चातचीत हुई थी ।

(ग) जी नहीं ।

जेट विमान का दुर्घटनाग्रस्त होना

1487. **श्री मेघचन्द्र** : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जनवरी, 1968 के अन्तिम सप्ताह में हैदराबाद में एक जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें स्कैवड्रन लीडर मर गया था और डिप्टी लीडर जख्मी हो गया था ;

(ख) यदि हां, तो दुर्घटना का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने इस दुर्घटना के शिकार व्यक्तियों के लिये कोई मुआवजा अथवा अन्य सहायता मंजूर की है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

प्रतिरक्षा मन्त्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मन्त्री (श्री ललित नारायण मिश्र) :

(क) जी हां । घटना में, जो 22 जनवरी, 1968 को हुई, स्क्वैड्रन लीडन सी० वी० सिंह निधनप्राप्त हुए और स्क्वेंड्रन लीडर एम० के० जैन को मामूली चोटें आईं ।

(ख) ऐसा मालूम होता है कि विमान एक मोड़ लेते सम्भल न सका । तदापि, एक कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी आदिष्ट कर दी गई है । पूरे विस्तार उसकी रिपोर्ट की अन्तिम रूपरेखा पर ही ज्ञात हो पाएंगे ।

(ग) और (घ) स्क्वैड्रन लीडर सी० वी० सिंह की विधवा को निम्न लाभों की अदायगी के लिये कार्यवाही की जा रही है, कि जिसकी वह अधिकारिणी हैं—

(1) कुटुम्ब उपदान	4000 रुपये
(2) विशेष कुटुम्ब पेन्शन	180 रुपये
(3) बच्चों के लिए भत्ता	30 रुपये मासिक प्रति बच्चा

इसके सिवाय प्रति बच्चे के लिए 5 वर्ष की आयु से साधारणतः 21 वर्ष की आयु तक अधिकाधिक 40 रुपये मासिक तक शिक्षा-भत्ता देय है । विधवा को 42,000 रुपये तक की एक अनुग्रहपूर्वक अदायगी भी देय है ।

आकाशवाणी, इम्फाल के कर्मचारियों से आवेदन

1488. **श्री मेघचन्द्र** : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को आकाशवाणी केन्द्र, इम्फाल के स्थानीय कर्मचारियों की ओर से एक

अभ्यावेदन मिला है जिसमें कहा गया है कि उनकी पदोन्नति की जाये और असिस्टेंट प्रोड्यूसर की श्रेणी बढ़ाई जाये, और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने उसके बारे में क्या कार्यवाही की है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) प्रार्थना को इस लिये स्वीकार न किया जा सका क्यों कि असिस्टेन्ट प्रोड्यूसर का कोई पद खाली न था। बचत की सख्त जरूरत के कारण इम्फाल में असिस्टेन्ट प्रोड्यूसर का पद भी न बनाया जा सका।

जंजीबार में भारतीय

1489. **श्री क० प्र० सिंह देव :** क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जंजीबार की सरकार ने यह घोषणा की है कि उन सभी विद्यार्थियों, विशेषकर एशियाई, जिन्होंने अपनी हाई स्कूल की परीक्षा देने के बाद इस द्वीप को छोड़ दिया है, के माता पिता 29 जनवरी, 1968 तक द्वीप को छोड़कर चले जायें ;

(ख) यदि हां, तो इस घोषणा से जंजीबार में कितने भारतीयों पर प्रभाव पड़ा है ; और

(ग) इस बारे में भारत सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) और (ख) सरकार को ऐसी किसी घोषणा की जानकारी नहीं है। बहरहाल, 28 जनवरी, 1968 को जंजीबार में एक बड़ी रैली के सम्मुख भाषण करते हुए, तन्जानिया के प्रथम उपराष्ट्रपति और जंजीबार के राष्ट्रपति ने यह कहा बताते हैं कि द्वीप (जंजीबार) के विभिन्न जाति वर्गों को पूरी तरह मिलाने के लिए "मिश्रित विवाहों" पर कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा और इसलिए जो माता-पिता अपने बच्चों को विवाह कराने के लिए जंजीबार से बाहर भेजेंगे , उन्हें निष्कासित कर देना होगा। यह और पता चला है कि जंजीबार के राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि जिन मां-बापों के बच्चे उक्त उद्देश्य के लिए पहले ही जंजीबार से बाहर भेजे जा चुके हैं, उन्हें फरवरी, 1968 के अन्त तक जंजीबार छोड़ कर जाना होगा।

(ग) सरकार उक्त घटना की जांच कर रही है।

काश्मीर पर रूसी इतिहासकार द्वारा टिप्पणी

1490. **श्री क० प्र० सिंह देव :** **श्री म० ला० सोंधी :**

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान ताशकन्द घोषणा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न भाषाओं जिनमें हिन्दी और उर्दू भी शामिल है मास्को रेडियो द्वारा प्रसारित की गई एक रूसी

इतिहासकार आयोना एंड्रोना की टिप्पणियों की ओर दिलाया गया है जिनमें काश्मीर पर आंग्ल-अमरीकी साम्राज्यवादियों की चाल का उल्लेख है ; और

(ख) यदि हाँ, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :

(क) जी हां । सरकार ने अखबारों में इस आशय की खबरें देखी हैं ।

(ग) इस बारे में सरकार को कुछ नहीं कहना है ।

Use of Hindi

1491. **Shri Raghuvir Singh Shastri** : Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) the details of those orders regarding the use of Hindi, out of all such orders issued by the Ministry of Home Affairs on this subject, which have not been sent to the subordinate offices so far ; and

(b) the time by which these orders would be sent to all the subordinate offices of the Ministry?

The Minister of State (Defence Production) in the Ministry of Defence (Shri L. N. Mishra) :

(a) and (b) A large number of orders relating to the use of Hindi have been issued by the Ministry of Home Affairs from 1955 onwards. The Ministry of Defence forwards these orders to the Service Headquarters and Inter-Service Organisations so far as they are applicable to them and it is for the Service Headquarters and the Inter-Service Organisations to transmit these orders to the large number of offices subordinate to them.

The information asked for is being collected and will be placed on the Table of the House as soon as it is collected.

सैगोन में भारतीय

1492. **श्री मेघचन्द्र** : क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सैगोन में लगभग कितने भारतीय हैं ;

(ख) क्या सैगोन में रह रहे भारतीय सुरक्षित हैं और उन पर सैगोन में हाल में हुई गड़बड़ी का प्रभाव नहीं पड़ा है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उनकी सुरक्षा के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) दक्षिण वियतनाम में अनुमानतः कोई डेढ़-दो हजार भारतीय राष्ट्रिक हैं जिनमें से एक हजार सैंगोन में रह रहे हैं ।

(ख) सैगोन-स्थित हमारे प्रधान कोंसलावास के पास सुलभ सूचना के अनुसार सैगोन और चोलेन क्षेत्रों के सभी भारतीय राष्ट्रिक सुरक्षित हैं । प्रधान कोंसलावास के पास दूसरे शहरों में रहने वाले भारतीय राष्ट्रिकों के बारे में पूरा ब्यौरा सुलभ नहीं है । लेकिन किसी दुर्घटना की रिपोर्ट नहीं मिली है ।

(ग) प्रधान कोंसलावास की देख-रेख में स्थानीय भारतीय संगठन भारतीय समुदाय की देखभाल रख रहे हैं। प्रधान कोंसलावास के पास सहायता की कोई विशेष प्रार्थना अभी तक नहीं आई है।

रेडियो लाइसेंस-शुल्क में कमी

1493. श्री वीरेन्द्र कुमार शाह : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी से व्यापार सम्बन्धी विज्ञापन से होने वाली अतिरिक्त आय को देखते हुए सरकार का विचार रेडियो लाइसेंस-शुल्क कम करने अथवा समाप्त करने का है ; और

(ख) यदि हां, तो इसे कब से कार्य रूप दिया जायेगा ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Civilian Employees working at Hindon Airport

1494. **Shri Nihal Singh**: Will the Minister of **Defence** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 3775 on the 11th December, 1967 and state :

(a) whether a decision has since been taken in regard to the House Rent Allowance and City Compensatory Allowance of civilian employees working at Hindon Airport, Ghaziabad ;

(b) if so, the details thereof and whether Government propose to grant such special allowances to the civilian employees working at Hindon as have been granted to their counterparts working at Gurgaon ; and

(c) if not, the reasons therefor ?

The Deputy Minister in the Ministry of Defence : (Shri M. R. Krishna) :

(a) and (b) Yes, Sir. Orders have been issued for the grant of house rent allowance with effect from 1-1 1968 to the civilian employees of Air Force Units at Hindon as a special case at the following rates :

(i) **Staff residing at Delhi**—at the rates applicable for Delhi from time to time.

(ii) **Staff residing at Ghaziabad**—at the rates applicable for Ghaziabad from time to time.

As regards compensatory allowance the position was stated in parts (b) (ii) and (d) of the reply to the earlier question quoted by the Hon'ble Member. The earlier decision not to grant any compensatory allowances to the employees residing at Ghaziabad and working at Hindon remains unchanged. Government do not also propose to consider the grant of allowance to the employees at Hindon at the rates sanctioned for employees working within the premises of Ammunition Depot, Gurgaon.

(c) The allowances at Ammunition Depot, Gurgaon, were sancioned in consideration of its special situation, e.i. greater proximity of the Depot area to the Delhi corporation than to the Gurgaon Municipality. The situation of Hindon Airport is not similar to that of Ammunition Depot Gurgaon.

दक्षिण अफ्रीका की रंगभेद नीति

1495. श्री हिम्मतसिंहका : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली में हाल के संयुक्त राष्ट्र व्यापार तथा विकास सम्मेलन द्वारा इस बात के लिए उपलब्ध अवसर का लाभ उठाने के लिए कोई कार्यवाही की गई है कि दक्षिण अफ्रीका को बाध्य किया जाये कि वह अपनी रंगभेद नीति छोड़ दे ;

(ख) यदि हां, तो इस कार्यवाही का ब्यौरा क्या है तथा इसमें भारत का क्या योगदान है ; और

(ग) इस कार्यवाही के क्या परिणाम रहे ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

रोडेशिया

1496. **श्री हिम्मतसिंहका** : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पिछले तीन महीनों में सरकार ने संयुक्त राष्ट्र संघ और राष्ट्रमंडल के माध्यम से अथवा अन्य किसी तरीके से रोडेशिया की अल्प-संख्यक सरकार के स्थान पर एक लोकप्रिय सरकार की स्थापना के लिये क्या कार्यवाही की है तथा इस सम्बन्ध में अब तक कितनी सफलता मिली है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : पिछले तीन महीने में भारत सरकार ने रोडेशियाई समस्या के समाधान के लिए संयुक्त राष्ट्र के समक्ष कोई नया प्रस्ताव नहीं नहीं रखा है किन्तु संयुक्त राष्ट्र और राष्ट्र-मंडल के समान विचारधारा वाले सदस्यों से निरंतर संपर्क बनाए हुए हैं, यह विचार करने के लिए कि रोडेशिया के विद्रोह को समाप्त कराने के उद्देश्य से सम्मिलित रूप से क्या-क्या कदम उठाए जा सकते हैं ।

आकाशवाणी के श्रेणी तीन के तकनीकी कर्मचारी

1497. **श्री अब्दुल गनी दार** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी के श्रेणी तीन के तकनीकी कर्मचारियों के कार्य तथा कार्य के घंटे निर्धारित किये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनका मुख्य ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उनके कार्य तथा कार्य के घंटे निर्धारित करने में कितना समय लगने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) से (ग) आकाशवाणी के तृतीय श्रेणी के तकनीकी कर्मचारियों के काम निर्धारित किए हुए हैं । एक विवरण संलग्न है जिसमें विभिन्न श्रेणियों के तकनीकी

कर्मचारियों के काम दिए हुए है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 180/68]

आकाशवाणी में दो प्रकार के तकनीकी कर्मचारी हैं; एक वे जो आकाशवाणी ट्रांसमीटरों, श्रवण-केन्द्रों, स्टूडियों आदि में शिफ्ट ड्यूटी पर काम करते हैं और दूसरे वे जिनके काम न्यूनाधिक कार्यालय कर्मचारियों के समान हैं। शिफ्ट ड्यूटी वाले कर्मचारियों के लिए काम करने का आम समय प्रति दिन 8 घंटे रखा गया है (एक साप्ताहिक छुट्टी के साथ) । शिफ्ट ड्यूटी वाले कर्मचारियों के काम के कितने घंटे हों, उसको अंतिम रूप से निश्चित करने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है।

शिफ्ट ड्यूटी पर काम न करने वाले कर्मचारियों का कार्यालय समय वही है जो केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों के लिए निर्धारित है।

आकाशवाणी के श्रेणी दो के ड्राफ्ट्समैनों को स्थायी करना

1498. **श्री अब्दुल गनी दार** : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी में श्रेणी दो के ऐसे कितने ड्राफ्ट्समैन है जिन्हें अब तक स्थायी नहीं किया गया हैं ; और

(ख) इन्हें स्थायी करने में कितना समय लगने की संभवना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) और (ख) आकाशवाणी में श्रेणी दो के ड्राफ्ट्समैन के 19 स्थायी पदों में से 8 पदों पर व्यक्ति स्थायी हैं जिनमें से 5 उच्चतर पदों पर स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहे हैं । अगले कुछ महीनों में 11 और व्यक्तियों के स्थायी हो जाने का संभावना है परन्तु उच्चतर पदों पर स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहे श्रेणी दो के 5 ड्राफ्टसमैनों की जगह नियुक्त व्यक्तियों को तभी स्थायी किया जाएगा जब वे उच्चतर पदों पर स्थायी हो जाएँगे और रिक्तियों को मूलतः मुक्त कर देंगे।

Army Officers and Jawans Arrested by the Police

1499. **Shri Hukam Chand Kachwai** : Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) the number of officers and jawans of the Indian Army arrested by the Police for violating the various Laws of the country from January, 1962 to date ;

(b) the number of persons amongst them who have been prosecuted ?

(c) the number of persons convicted and those acquitted by the courts ; and

(d) the number of cases still pending in the courts ?

The Minister of State (Defence Production) in the Ministry of Defence (Shri L.N. Mishra) :

(a) to (d) The information is being collected from the lower formations and will be laid on the Table of the House, as soon as it is received.

गणतंत्र दिवस परेड (1968) पर व्यय

1500. श्री विक्रम चन्द महाजन : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 26 जनवरी, 1968 को हुई गणतंत्र दिवस परेड पर कुल कितना धन व्यय हुआ ; और

(ख) सभी ब्लाकों में लोगों के बैठने के लिये कुल कितनी सीटें थीं ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) :

(क) गणतंत्र दिवस परेड, 1968 का हिसाब-किताब अभी तक सम्पूर्ण नहीं हो पाया। केन्द्रीय सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में किए गए खर्च दर्शाने वाला एक विवरण हिसाब-किताब के सम्पूर्ण हो जाने के पश्चात् सभा के पटल पर रख दिया जाएगा ।

(ख) 49359 ।

समापन समारोह (1968) सम्बन्धी व्यय

1501. श्री विक्रम चन्द महाजन : श्री रवि राय :

क्या प्रतिरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 29 जनवरी, 1968 को हुए "समापन समारोह" पर कुल कितना धन व्यय हुआ था और उसमें लोगों के बैठने के लिए कितनी सीटों की व्यवस्था की गई थी ; और

(ख) क्या जनसाधारण को कोई निमन्त्रण-पत्र, जारी किये गये थे और यदि हां, तो कितने और वे किन सिद्धान्तों पर जारी किये गये थे ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ललित नारायण मिश्र) :

(क) और (ख) गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट उत्सव के खर्च की कुछ मदें सांझी हैं । इसलिए 29 जनवरी, 1968 के बीटिंग रिट्रीट उत्सव पर अलग किया गया खर्च दर्शा पाना कठिन होगा । तदपि, यथासंभव सूचना इकट्ठी की जा रही है, और सभा के पटल पर रख दी जाएगी ।

29 जनवरी,1966 के बीटिंग रिट्रीट उत्सव के लिए 14592 व्यक्तियों के बैठने के लिए स्थान थे। इसमें 1120 स्थान उस अहाते में थे जिस के लिए आमन्त्रण-पत्र/प्रवेश पत्र आवश्यक न थे । इसके अतिरिक्त जिन अहातों में प्रवेश आमन्त्रण-पत्रों द्वारा होना था, उनके लिए, 2200 स्थानों के लिए ऐसे व्यक्तियों को आमन्त्रण-पत्र जारी किए गए थे जो प्राप्य सूचना के अनुसार कोई सरकारी ओहदे धारण न करते थे । ऐसे व्यक्तियों के लिए आमन्त्रण-पत्र जारी किए जाने की प्रार्थनाओं पर उन के गुणरूप के आधार पर विचार किया गया था, और आमन्त्रण-पत्र स्थानों की प्राप्यता के आधार पर जारी किए गए थे । उपयुक्त हालतों में, जहां 29 जनवरी, 1968 के बीटिंग रिट्रीट (के मुख्य) उत्सव के लिए आमन्त्रण-पत्र जारी करना संभव न था, 28 जनवरी, 1968 को आयोजित, विशेष प्रदर्शन के लिए, आमन्त्रण-पत्र जारी किए गए थे ।

फिल्म डिवीजन के तकनीकी तथा गैर-तकनीकी कर्मचारियों के सेवा-काल में वृद्धि सम्बन्धी शर्तें

1502. श्री कन्डप्पन: : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तकनीकी तथा गैर-तकनीकी कर्मचारियों का सरकारी सेवा से अनिवार्य सेवा-निवृत्ति की आयु क्या है;

(ख) फिल्म डिवीजन, बम्बई के तकनीकी तथा गैर-तकनीकी कर्मचारियों के सेवा-काल में वृद्धि किन शर्तों पर दी जाती है; और

(ग) 1966 और 1967 में 58 वर्ष का आयु प्राप्त करने के बाद फिल्म डिवीजन के कितने तकनीकी तथा गैर-तकनीकी कर्मचारियों का सेवा-काल बढ़ाया गया है और उन कर्मचारियों के पदनाम क्या हैं और उनका सेवा-काल कितनी अवधि के लिये बढ़ाया गया है और इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों प्रकार के कर्मचारियों के लिए 58 साल परन्तु 1938 से पूर्व के कार्यालीय सरकारी कर्मचारियों और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए 60 साल है।

(ख) सामान्य सिद्धान्त के अनुसार, सेवा-काल में वृद्धि विशेष अवस्थाओं तथा जन-हित में की जाती है। तथापि, तकनीकी और वैज्ञानिक व्यक्तियों को, उनकी विशिष्ट योग्यता और अनुभव का लाभ उठाने के लिए अधिक अवधि के लिए रखना जनहित में समझा जाता है, बशर्ते कि वे उपयुक्त और योग्य हो। वृद्धि किसी भी हालत में और गैर-तकनीकी और गैर-वैज्ञानिक कर्मचारियों के लिए 60 साल और वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारियों के लिए 62 साल की आयु से उपर नहीं होती।

(ग) चार, नीचे दिये गये विवरण के अनुसार :—

कर्मचारी का नाम, पदनाम तथा किस पद पर हैं।	सेवा-काल में वृद्धि की अवधि	सेवा-काल में वृद्धि के कारण
गैर-तकनीकी		
1. श्री जी० के० महरेश, प्रोडक्शन मैनेजर	2 फरवरी, 1967 से एक वर्ष के लिये जिसको तब तक के लिए बढ़ाया गया जब तक उसके स्थान पर नियुक्ति नहीं हो जाती।	जन-हित
2. श्री बी० एन० मजूमदार आर्ट डायरेक्टर	15 अप्रैल, 1967 से 6 माह के लिये।	

3. श्री आर० बी० आर्य, सम्पादक	1 जुलाई, 1962 से समय-समय पर सेवा-काल में वृद्धि की गई। अन्तिम वृद्धि 15 अक्टूबर, 1967 को एक वर्ष के लिये, परन्तु 17 नवम्बर, 1967 को उनकी मृत्यु हो गई।	जन-हित (वह गांधी जी पर फिल्म बनाने के काम पर लगे थे)
तकनीकी		
4. श्री डी० आर० मिस्त्री, चीफ कैमरामैन	3 दिसम्बर, 1966 से एक वर्ष के लिये।	जन-हित

Rules Regarding Political Asylum

1503. **Shri Sheopujan Shastri** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that there are no rules at present under which political asylum could be granted to a defector like Shri Aziz Oulong Zade ; and

(b) if so, whether any rules are beig framed in this regard for the expeditous disposal of such cases ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) :

(a) There are no rules governing the grant of political asylum in India. Such cases are decided by the Government in the exercise of its sovereign right and discretion and a decision is taken in each case on its merits.

(b) No Sir.

रूसी नौसेना के कमांडर-इन-चीफ की यात्रा

1504. **श्री दी० चं० शर्मा : श्री यशपाल सिंह :**

क्या प्रतिरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रूसी नौसेना के कमांडर-इन-चीफ ने रूसी नौसेना प्रतिनिधि-मंडल के प्रधान के रूप में हाल ही में भारत का दौरा किया था ;

(ख) यदि हाँ, तो उनकी यात्रा का उद्देश्य क्या था ; और

(ग) उनके साथ हुई बातचीत का क्या परिणाम निकला ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) :

(क) जी हां, यू० एस० एस० आर० की नौसेना के अध्यक्ष ने 6 स्टाफ अफसरों समेत हाल ही में भारत का भ्रमण किया है।

(ख) हमारे नौसेना अध्यक्ष के 1967 में य० एस० एस० आर० के भ्रमण के उत्तर में यह एक सद्भावना भ्रमण था।

(ग) सद्भावना भ्रमण होने के नाते यह प्रश्न नहीं उठता।

पिछड़े वर्गों के लिए अध्ययन दल

1505. **श्री द० रा० परमार** : क्या प्रधान मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग के तत्वावधान में श्री श्रीकान्त सेठ के नेतृत्व में पिछड़े वर्गों सम्बधी एक अध्ययन दल ने अक्तूबर, 1967 में गुजरात राज्य का दौरा किया था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि अध्ययन दल ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया है कि पिछड़े वर्गों के सुधार तथा लाभ के कार्यों की बजाय धनराशि का मुख्य भाग प्रशासन पर खर्च किया जा रहा है ;

(ग) इस अध्ययन दल ने अन्य क्या सुझाव दिये हैं ; और

(घ) उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और सरकार ने उन पर क्या कार्यवाही की है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :

(क) से (ग) योजना आयोग के सुझाव पर योजना कार्य समिति द्वारा आदिम जाति विकास कार्यक्रमों से सम्बन्धित अध्ययन दल नियुक्त किया गया था । दल के अध्यक्ष श्री पी० शिलू आओ हैं और सर्वश्री एल० एम० श्रीकान्त और टी० शिवशंकर इसके सदस्य हैं । अध्ययन दल की ओर से श्री श्रीकान्त ने अक्तूबर, 1967 में कतिपय आदिम जाति क्षेत्रों का दौरा किया और अधिकारियों, गैर-सरकारी व्यक्तियों इत्यादि से विचार-विनिमय किया । अध्ययन दल ने अभी अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता, क्यों कि अध्ययन दल का प्रतिवेदन अभी तैयार नहीं हुआ है ।

मंत्रियों द्वारा विदेशों का दौरा

1506. **श्री कृ० मा० कौशिक** :

क्या प्रधान मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) मन्त्रियों तथा उप-मन्त्रियों द्वारा किये गए विदेशों के दौरे प्रधान मन्त्री की सलाह से किए गए थे ; और

(ख) उनको सामान्यतः किस आधार पर अनुमति दी जाती है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :

(क) जी, हां ।

(ख) मंत्री और उप-मंत्री विदेश-यात्रा उस स्थिति में करते हैं जब कि ऐसा करना उनके लिए कर्त्तव्य निर्वहन की दृष्टि से आवश्यक होता है ।

Backward Areas of Uttar Pradesh

1507. **Shri Nageshwar Dwivedi** : Will the **Prime Minister** be pleased to state :

(a) the amount sanctioned item-wise to District Jaunpur under the Patel Commission for backward areas of Uttar Pradesh and the amount paid so far ; and

(b) whether a part of the amount sanctioned to Jaunpur has been provided to Azamgarh and if so, the extent thereof ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) :

(a) On the basis of the information given by the Government of Uttar Pradesh, a statement indicating the outlays and the expenditure in years 1964-65 to 1966-67 on the development pogrammes in district Jaunpur, Uttar Pradesh is plaeed on the Table of the House. (**Placed in Library. See No. LT-181/68**)

(b) The State Government has reported that no part of the outlay allotted to Jaunpur was dverted to Azamgarh.

Non-Proliferation of Nuclear Weapons Treaty

1508. **Shri O. P. Tyagi** : Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) the countries to which nuclear science is proposed to be confined according to the present non-proliferation of nuclear weapons treaty ; and

(b) the reasons as to why India has not been included in the list of the countries possessing ability to manufacture atom bomb when the Indian Scientits are able to manufacture and explode the same ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) :

(a) and (b) The revised draft of the Treaty on non-proliferation of nuclear wepons presented by the USA and the USSR to the Eighteen-Nation Disarmament Committee at Geneva on 18th January, 1968 prohibts non-nuculear weapon States party to the Treaty from developing or acquiring nuclear weapon or nuclear explosive devices even for peaceful purposess such a restrition does not apply to the nulear weapon States party to the Treasy. However all parties to the Treaty will have the right to develop research, production and use of nuclear energy for peaceful purposes, subject to the prohibition referred to above. The definition of a nuclear weapon State, according to the draft Teaty, is one which has manufacturd and exploded a nuclear weapon or other nuclear explosive device prior to 1st January 1967. The USA, the USSR, the UK, France and the People's Republic of China would fall in this category.

थुम्बा राकेट लांचिंग केन्द्र

1509. **श्री दी०चं० शर्मा** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या थुम्बा राकेट लांचिंग केन्द्र अन्तरिक्ष सम्बन्धी अनुसन्धान के हेतु अन्तर्राष्ट्रीय उपयोग के लिये खोल दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन देशों ने इस केन्द्र का उपयोग करने के लिये अनुरोध किया है ;

(ग) क्या चीन ने रेडियो से अपने प्रसारणों में इस केन्द्र के अन्तर्राष्ट्रीय उपयोग के लिये खोले जाने की आलोचना की है ; और

(घ) यदि हाँ, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इंदिरा गाँधी) : (क) जी हां । थुम्बा विषुवदीय राकेट प्रक्षेपण स्टेशन को अन्तर्राष्ट्रीय उपयोग के लिए 2 फरवरी, 1968 को विधिवत खोल दिया गया ।

(ख) इस स्टेशन की स्थापना से ही इसके लिये फ्रांस, अमरीका तथा रूस का सहयोग मिला है। हाल ही में जापान तथा पश्चिमी जर्मनी ने भी आपसी सहयोग से किये जा सकने वाले परीक्षणों के लिये रुचि दिखाई है ।

(ग) और (घ) जी, हां ।

संयुत अरब गणराज्य के सहयोग से जेट इंजनों का निर्माण

1510. **श्री चिन्तामणि पाणिग्रही :** क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय मरुत परियोजना किस अवस्था में है ;

(ख) क्या यह पता लगाने के लिये कोई विस्तृत छानबीन की गई है कि क्या विमान इंजनों के विकास के लिये देश में हाल में किये गये अनुसंधान को दृष्टि में रखते हुये संयुक्त अरब गणराज्य में निर्मित ई-300 इंजन से अभी भी भारत की वर्तमान आवश्यकता पूरी हो सकेगी ; और

(ग) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) :

(क) एच० एफ० 24 मेक 1 एच० ए० एल० (बी० डी०) में उत्पादन अधीन है। कुछ विमान भारतीय वायु सेना को वितरित कर दिये गये हैं ।

एच० एफ० 24 मेक आई० आर० का एक संशोधित संस्करण विकास अधीन है ।

(ख) और (ग) एच० एफ० 24 के विमान ढांचे में युक्त किये गये ई-300 इंजन की विकास उड़ानों के परीक्षण अभी यू० ए० आर० में प्रगतिशील हैं। भारत की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये उसकी उपयुक्तता का प्रश्न उड़ान परीक्षणों की सफलतापूर्वक सम्पूर्ति के पश्चात् ही उठ सकता है ।

अहमदाबाद से टाइम्स आफ इण्डिया, तृतीय संस्करण

1511. **श्री एस्थोस :** **श्रीमती सुशीला गोपालन :**

श्री चक्रपाणि : **श्री प० गोपालन :**

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि टाइम्स आफ इण्डिया ने अहमदाबाद से तृतीय संस्करण के प्रकाशन के लिये घोषणा-पत्र दे दिया है ;

(ख) क्या टाइम्स आफ इण्डिया ने इस प्रयोजन के लिये प्रेस रजिस्ट्रार से अनुमति मांगी है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या प्रेस रजिस्ट्रार ने आवश्यक अनुमति दे दी है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :

(क) जी, हां टाइम्स आफ इंडिया का अहमदाबाद संस्करण 5 फरवरी, 1968 से छपना शुरू हुआ था ।

(ख) वर्तमान प्रेस और पुस्तक पंजीयन अधिनियम 1867 की धारा 6 के अन्तर्गत, समाचार-पत्र के नाम के बारे में प्रेस रजिस्ट्रार की अनुमति की आवश्यकता नहीं थी, क्योंकि प्रस्तावित पत्र उन्हीं मालिकों द्वारा प्रकाशित किया जाता था जो पहले से ही विभिन्न स्थानों से उसी नाम से और उसी भाषा में समाचार-पत्र निकाल रहे थे । अखबारी कागज के लिए भी प्रेस रजिस्ट्रार की अनुमति की आवश्यकता नहीं थी, क्योंकि 1967-68 के लिए अखबारी कागज के नियतन सम्बन्धी नीति के अनुसार, नए समाचार-पत्र किसी भी यूनिट के अधिकृत कोटे के अन्दर प्रकाशित हो सकते हैं ।

(ग) सवाल नहीं उठता ।

त्रिपुरा में पाकिस्तान द्वारा अधिकृत क्षेत्र

1512. श्री शशि रंजन : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या त्रिपुरा में पाकिस्तान द्वारा अधिकृत क्षेत्र छुड़ाने के लिये सरकार ने कोई कार्यवाही की है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) और (ख) त्रिपुरा-पूर्व पाकिस्तान सीमा पर कुछ भारतीय प्रदेश पाकिस्तान के कब्जे में हैं । ऐसा या तो सीमा का अन्तिम रूप से रेखांकन होने तक अस्थायी कार्यकारी सीमा करारों के अन्तर्गत अथवा वर्तमान करारों की परस्पर विरोधी अर्थ-व्याख्या के कारण हुआ है । सीमा का रेखांकन और विवादों का समाधान होने से पहले इन प्रदेशों के एक दूसरे देश के विपरीत अधिकार से छुड़ाने का प्रश्न नहीं उठता । त्रिपुरा- पूर्व पाकिस्तान सीमा के रेखांकन का काम हाल ही में फिर शुरू हुआ है । आशा है कि इस क्षेत्र की बाकी सीमा समस्याएं रेखांकन का कार्य होते-होते हल हो जायंगी ।

हिमाचल प्रदेश में सड़कें और पुल

1513. श्री हेमराज : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1966-67 में सड़कों तथा पुलों के निर्माण के लिये हिमाचल प्रदेश के लिये कितनी राशि मंजूर की गई थी और वास्तव में कितनी राशि दी गई थी ?

प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) : 1966-67 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश में सड़कों, पुलों आदि के निर्माण के लिये कुल 518.02 लाख रुपये की धन राशि मंजूर की गई है और पूंजीगत परिव्यय के अधीन उसे दिया गया है ।

Farakka Barrage

1514. **Shri Onkar Lal Berwa :** **Shri Deven Sen :**

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Pakistan Foreign Minister in a recent statement in Dacca stated that Pakistan has a claim on sharing the Ganga waters according to the international law and objected to the construction of the Farakka Barrage and threatened to take this issue to the international area ; and

(b) if so, Government's reaction thereto ?

The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandi) :

(a) Yes, Sir.

(b) The Government of India are of the view that the Farakka Barrage Project will not affect the interests of Pakistan. However, with a view to allaying the apprehension of the Pakistau Government, the Government of India agreed to the exchange of data by the technical experts of the two countries. For this purpose, four meetings have so far been held ; and the fifth one may be held in the coming months.

पाकिस्तान द्वारा फरक्का बांध के बारे में प्रचार

1515 श्री चपलाकान्त भट्टाचार्य : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पाकिस्तान अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रचार तेज कर रहा है कि फरक्का बांध का पूरा होना पाकिस्तान के हितों के विरुद्ध है ; और

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार का खंडन करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

प्रधान मत्री, अणु-शक्ति मंत्री ,योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) (क) जी हां ।

(ख) भारत सरकार का ख्याल है कि फरक्का बांध प्रायोजन से पाकिस्तान के हितों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा । फिर भी, पाकिस्तान सरकार के भय को दूर करने की दृष्टि से भारत सरकार दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा सूचना का आदान-प्रदान करने को सहमत हो गई । इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अभी तक चार मीटिंगें हुई हैं ; और पांचवी मीटिंग आगामी महीनों में आयोजित की जायेगी ।

सरकार ने भारतीय मिशनों के जरिये भारत की स्थिति को स्पष्ट करने के लिये कदम भी उठाये हैं ।

अविलम्बनीय लोक-महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

मद्रास में हिन्दी विरोधी आन्दोलन

श्री न० कु० साल्वे (बतूल): मैं गृह-कार्य मंत्री का ध्यान निम्नलिखित अविलम्बनीय लोक-महत्व के विषय की ओर दिलाता हूँ और उनसे अनुरोध करता हूँ कि वह इस विषय के सम्बन्ध में एक वक्तव्य दें ;

"तामिलनाड को भारत संघ से मुक्त कराने हेतु प्रचार करने के मदुरै के विद्यार्थियों की हिन्दी विरोधी आन्दोलन परिषद् के कथित निश्चय और मद्रास राज्य के कुछ विद्यार्थियों द्वारा भारत के संविधान की हिन्दी प्रतियां जलाने के कथित निश्चय"

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल): समाचार-पत्रों में प्रकाशित समाचारों से सरकार को पता चला है कि मद्रास में कुछ विद्यार्थियों को पृथकतावादी मांगें प्रस्तुत करने के लिये गुमराह किया जा रहा है। हम राज्य सरकार से सम्पूर्ण तथ्यों का पता लगा रहे हैं। सभा को विदित है कि देश के विभिन्न भागों में भाषा विवाद के मामले पर जनता की भावनाएं भड़क उठी हैं । हमने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि राष्ट्रीय एकता की सर्वाधिक आवश्यकता को ध्यान में रख कर हमें इन मामलों पर शान्तिपूर्ण ढंग से और निष्पक्ष दृष्टिकोण अपना कर विचार करना चाहिये ।

Shri N. K. P. Salve (Betul) : The situation has become very serious as a result of the students' decision to propagate for liberation of Tamilad from the Indian Union. If such an agitation is put down rusthlessly and immediately, the country will go to dogs. I want to know whether a round table conference of leaders of all the parties would be conveneed in which a political code of conduct should be evolved in order to determine the causes of students agitations which lead to lawlessness and chaos ?

Shri Vidya Charan Shukla : We have asked for the details of this agitation from Madras Government. On receipt of these details, the course of action would be determined.

Shri Shrichand Goel (Chandigarh) : The representatives of 100 schools took part in the said conference and it was decided that they will neither respect the Indian Flag nor they will honour National Anthem but on the other hand they will propagate for liberation of Madras from the Indian Union. I want to know whether Government has made any enqiury to see if there is any political element working behind this agitation ? Whether Government would also examine such activities of the students and determine the action to be taken against them so that such a mentality could be curbed ?

Shri Vidya Charan Shukla : We have asked for the details. After examining the full facts we s hall be able to decide the eourse of action.

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : I want to know whether eminent leaders of Madras support the resolution of Madurai Students' Council ? Whether Prime Minister and Home Minister are aware of the speeches made by the founder of the Swatantra Party Shri Rajagopalachari to the effect that he was being forced in his old age to think about separation from India ? (**Interruptions**) I want to know whether Rajaji and Shri Kamraj have made such speeches ?

श्री विद्याचरण शुक्ल : ऐसे कोई वक्तव्य हमारे ध्यान में अभी तक नहीं आये हैं ।

The Minister of Parliamentary Affairs and Communications (Dr. Ram Subhag Singh): Shri Kamraj has not said any such thing.

श्री देवकी नन्दन पाटोदिया (जालोर) : मैं सरकार से यह जानना चाहता हूँ कि वे इस समस्या के प्रति यथार्थवादी एवं उचित दृष्टिकोण अपनाने के लिये तैयार हैं और क्या देश के सभी राष्ट्रीय तत्वों में मतैक्य स्थापित करने के लिये तैयार हैं जिससे पृथकतावादी शक्तियों को रोका जा सके ?

प्रधान मंत्री, अणु शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : यदि विरोधी पक्ष के माननीय सदस्य परस्पर विचार करके हमे बतायें कि यर्थाथवादी दृष्टिकोण क्या है, तो मुझे बहुत प्रसन्नता होगी । (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यदि विरोध पक्ष, कांग्रेस या सरकार गोल मेज़ कान्फ्रेंस में किसी मतैक्य पर पहुंच सके, तो अच्छा होगा । इस सम्बन्ध में ध्याव दिलाने वाली सूचना के रूप में नहीं, बल्कि अलग-अलग बात-चीत करके विचार किया जा सकता है । इसलिये वे अलग कमरे में बैठ कर इस विषय पर विचार करें ।

सभा-पटल पर रखे गये पत्र

PAPERS LAID ON THE TABLE

पंजाब सिनेमाघर (विनियमन) हरयाणा संशोधन अधिनियम

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : मैं हरयाणा राज्य विधान मंडल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) अधिनियम, 1967 की धारा 3 की उपधारा (3) के अन्तर्गत पंजाब सिनेमाघर (विनियमन) हरयाणा संशोधन अधिनियम, 1967 (1967 का राष्ट्रपति का अधिनियम संख्या 9) की एक प्रति, जो दिनांक 30 दिसम्बर, 1967 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था, सभा-पटल पर रखता हूँ ।

[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एल० टी० 167/68]

नौसेना समारोह, सेवा की शर्तें तथा विविध (संशोधन), विनियम

प्रतिरक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मं० रं० कृष्ण) : मैं नौसेना अधिनियम, 1957 की धारा 185 के अन्तर्गत नौसेना समारोह, सेवा की शर्तें तथा विविध (संशोधन) विनियम, 1968 की एक प्रति, जो दिनांक 13 जनवरी, 1968 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० 1-ई में प्रकाशित हुए थे, सभा-पटल पर रखता हूँ ।

[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एल० टी० 168/68]

पश्चिमी बंगाल के राज्यपाल से प्राप्त टेलीप्रिंटर सन्देश

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : मैं पश्चिमी बंगाल के राज्यपाल से 20 फरवरी, 1968 को प्राप्त टेलीप्रिंटर सन्देश की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूँ।

[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 168/68]

गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS BILLS AND RESOLUTIONS

बीसवां प्रतिवेदन

श्री र० के० खाडिलकार (खेड) : मैं गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयको तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति का 20 वां प्रतिवेदन उपस्थापित करता हूँ।

लोक लेखा सयिति

PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE

अट्ठरहवां प्रतिवेदन

श्री मी० रू० मसानी (राजकोट) : मैं परिवहन तथा नौवहन मंत्रालय (सीमा सड़क संगठन) से संबंधित लेखा परीक्षण प्रतिवेदन (सिविल), 1967, पर लोक लेखा समिति का 18 वां प्रतिवेदन उपस्थापित करता हूँ।

प्राक्कलन समिति

ESTIMATES COMMITTEE

उन्नीसवां प्रतिवेदन

श्री कन्डप्पन (मैटूर) : मैं शिक्षा मंत्रालय—वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद-नेशनल फिज़ीकल लेबोरेटरी, नई दिल्ली—के सम्बन्ध में प्राक्कलन समिति (तीसरा लोक-सभा) के 103वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में प्रांक्कलन समिति का 19 वां प्रतिवेदन उपस्थापित करता हूँ।

तारांकित प्रश्न संख्या 572 के सम्बस्ध में पूछे गये अनुपूरक प्रश्न के उत्तर में शुद्धि

CORRECTION TO THE REPLY GIVEN TO A SUPPLEMENTARY QUESTION ARISING OUT OF STARRED QUESTION NO. 572.

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : चन्दा समिति के समक्ष दिये गये साक्ष्य के कागजात के नष्ट किये जाने के बारे में तारांकित प्रश्न संख्या 572 के अनुपूरक प्रश्न में श्री देवकी नन्दन पाटोदिया ने पूछा था कि यह स्पष्ट है की जो कुछ हुआ है, उसके सम्बन्ध में सरकार से सलाह नहीं ली गयी। उन्होंने यह भी पूछा था कि क्या सरकार नियमों

में ऐसे परिवर्तन कर रही है जिससे ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और भविष्य में इस प्रकार साक्ष्य का रिकार्ड नष्ट न किया जाये।

इसके उत्तर में मैंने यह उत्तर दिया था कि नियम पहले से बने हुए हैं। नियमों के अनुसार उन्हें यह साक्ष्य का रिकार्ड नष्ट नहीं करना चाहिये था। परन्तु उन्होंने उसे नष्ट कर दिया है।

इस सम्बन्ध में यह भी कहना चाहता हूँ कि इस उत्तर की सही रचना यह है कि जब सरकार कोई समिति बनाती है तो उस समिति को जितने कागजात मिलते हैं वह सरकार की सम्पत्ति होती है और इसलिये बिना सरकार की अनुमति के समिति को उन्हें नष्ट नहीं करना चाहिये। यह सामान्या प्रक्रिया है, परन्तु इस प्रक्रिया को स्पष्ट करने के लिये और अधिक बन्धनकारी बनाने के लिये गृह-कार्य मंत्रालय ने 25 जनवरी, 1968 को विशिष्ट अनुदेश जारी किये हैं कि सरकार द्वारा नियुक्त समिति/आयोग के समक्ष दिये गये साक्ष्य को बिल्कुल सही रूप में सरकार को सौंप देना चाहिये और उस प्रतिवेदन में निहित शिफारिशों से सम्बन्धित कार्यवाही पूरी हो जाने के पांच वर्ष बाद तक उसे रखा जाना चाहिये।

श्री देवकीनन्दन पाटोदिया : मंत्री महोदय को स्पष्ट रूप में बताना चाहिये कि पहले कोई ऐसा नियम था या नहीं। यदि पहले कोई ऐसा नियम नहीं था तो उन्हें इस बात को स्वीकार करना चाहिये और कह देना चाहिये कि अब नियम बनाये जा रहे हैं।

श्री के० के० शाह : मैंने बताया है कि उसमें कुछ ग़लतफ़हमी थी।

श्री रंगा (श्री काकुलम) : इसलिये समिति ने जो कार्यवाही की थी, वह ठीक है।

श्री के० के० शाह : अधिनियम के अनुसार यह कार्यवाही अनुचित थी।

श्री नाथ पाई (राजापुर) : मैं उस समिति का सदस्य था। किसी साक्ष्य को सुरक्षित रखना समिति के लिये अनिवार्य नहीं था। समिति के समक्ष जो साक्ष्य दिये गये थे, उनके साथ निपटना समिति का काम था। हमारे बहुत से गवाह सरकारी कर्मचारी थे। यदि हम उन्हें यह आश्वासन नहीं देते कि उनके वरिष्ठ अधिकारी उनके साक्ष्य को नहीं दे सकेंगे तो वे निर्भीक हो कर अपना साक्ष्य कभी न देते। उस समिति के अध्यक्ष कई समितियों के अध्यक्ष रह चुके हैं और उन्होंने हमें कई उदाहरण दिये थे जिनके साक्ष्य नष्ट कर दिये गये थे।

खुदाबक्श ओरियन्टल पब्लिक लाइब्रेरी विधेयक

KHUDA BAKSH ORIENTAL PUBLIC LIBRARY BILL

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Sher Singh) : I beg to move for leave to introduce a Bill to declare the Khuda Baksh Oriental Public Library at Patna to be an institution of national importance and to provide for its administration and certain other connected matters.

Shri Shiv Chandra Jha (Madhubani) : On a point of order, Sir. I welcome this Bill. There are however, certain objectionable things in this Bill. There is a provision of forming a Board

in Calsuse 5(c) . It is proposed to nominate a member of Khuda Baksh's family in the Board which is not proper as it indicates that we believe in imprealism whereas our ideal is socialism. In view of this I am of the opinion that the Bill should be introduced in the revised form.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है ;

"कि पटना स्थित खुदा बख्श ओरियन्टल पब्लिक लाइब्रेरी को राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित करने और उसके प्रशासन तथा कतिपय अन्य संसक्त विषयों का उपबन्ध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

Shri Sher Singh : I introduce the Bill.

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव–जारी

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS—CONTD.

श्री जी० भा० कृपालानी (गुना) : मुझे इस बात का खेद है कि जिन बातों को सरकार कई वर्षों से कहती चली आ रही है उन्हीं बातों को राष्ट्रपति के अभिभाषण में दोहराया गया है । इस में समस्याओं की सूची तो दी गयी है परन्तु उनके समाधान के विषय में कुछ नहीं कहा गया है । आज देश में जो आर्थिक संकट है उसका कारण केवल दो वर्ष तक सूखा पड़ना या पाकिस्तान के साथ युद्ध ही नहीं है बल्कि इसके कई अन्य कारण भी हैं । इनमें से एक कारण यह है कि देश में मुद्रास्फीति बहुत अधिक रही है । पिछले पांच वर्षों में ही यह मुद्रास्फीति 3000 से बढ़ कर 5000 करोड़ रुपये हो गयी है । फिर अवमूल्यन हुआ । हमारा विचार था कि अवमूल्यन के पश्चात् हमारे निर्यात में वृद्धि होगी । परन्तु वास्तव में हमारे आयात की लागत गढ़ गयी और इसलिये हमारे निर्यात में कमी हो गयी क्योंकि जिस वस्तु का यहां उत्पादन होता है उसकी लागत पहले से अधिक हो गयी है । इस पर भी काफी औद्योगिक क्षमता बेकार पड़ी है । इससे न केवल बहुत बड़ी हानी होती है बल्कि इसका प्रभाव रोजगार की स्थिति पर भी पड़ता है । दूसरी कठिनाई यह कि हमारे पास धन की भी कमी है ।

पिछले 15 वर्षों में प्रशासनिक व्यय में 8 गुना वृद्धि हुई है । इसमें से कुछ रुपये को औद्योगिक विकास में लगाया जा सकता है । लगभग तीन तिहाई सरकारी को निकाला जा सकता है और इससे कार्य-कुशलता में भी कमी नहीं होगी बल्कि वृद्धि होगी । गैर–सरकारी क्षेत्र में धन ज्यादातर भूमि और भवनों पर खर्च किया जा रहा है । उदाहरण के तौर पर केवल दिल्ली में ही शानदार भवन निर्माण करने पर 1000 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं ।

हमारे देश में उपभोग की दर भी बहुत अधिक है । राष्ट्रपति भवन और राज भवनों

पर बहुत अधिक रुपया खर्च होता है। राष्ट्रपति भवन और राजभवन एक प्रकार से धर्मशालाएँ-सी बनी हुई हैं। जो भी कोई विदेशी आता है वह उसमें ठहरता है। दूसरे देशों में ऐसा नहीं होता। उन देशों में विदेशियों को होटलों में ठहराया जाता है।

अधिक आयकर और अप्रत्यक्षकरों के कारण क्रमागत ह्रास हो रहा है। इसके कारण मुद्रा स्फीति भी हो रही है। उद्योग और सरकार के बीच कोई सम्पर्क नहीं है।

हमारी लाइसेंस देने की नीति भी दोषपूर्ण रही है। हमने ऐसे वस्तुओं के लिए लाइसेंस दे दिये हैं जिनके बिना हम गुजारा कर सकते हैं। कभी-कभी हम ऐसी वस्तुओं के लिये भी लाइसेंस जारी कर देते है जिनका उत्पादन हम नहीं कर सकते हैं।

उत्पादन में भी वृद्धि नहीं हुई है। पंचवर्षीय योजना के समाप्त किये जाने के परिणाम स्वरूप सरकारी आर्डरों में कमी हो गई है। रेलवे और दूसरे छोटे और मझले दर्जे के उद्योग बन्द हो गये हैं। इंजीनियरों में इसी कारण बेरोजगारी उत्पन्न हुई है।

राष्ट्रपति ने देश की एकता और देश में फैली हिंसा का भी अपने भाषण में उल्लेख किया है।

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
Mr. Deputy Speaker in the Chair]

बुराई को घटाकर बताया जाता है और बुराई को उचित ठहराया जाता है। आसाम के सम्बन्ध में सरकार को पहले मालूम हो गया था कि वहां पर विघटनकारी तत्व सक्रिय हैं, फिर भी यह कहा जाता है कि वहां पर आकस्मिक ही उपद्रव हुए हैं।

मद्रास में जो कुछ हो रहा है उसके लिए हम सब उत्तरदायी हैं।

ब्रिटिश काल में नेतृत्व में एकता थी तथा त्याग की भावना थी, परन्तु आज नेतागण मुख्यतः सत्ता प्राप्त करना चाहते हैं और हमेशा संकट उत्पन्न करते रहते हैं।

यदि हमारे नेता भाषा के प्रश्न पर दखल न देते तो वह बहुत ही संतोषपूर्ण ढंग से हल हो सकता था। हम इस भाषा विधेयक को प्रस्तुत न करते। अब वह कहते है कि सर्व-सम्मति होनी चाहिए। यहाँ तक कि उन्होंने इस बारे में पहले कांग्रेसी सदस्यों से भी विचार-विमर्श नहीं किया।

मेरे विचार से यह विधेयक उचित नहीं था तथा असंवधानिक था। यदि आपको कोई चीज करनी थी तो आपको संवैधानिक संशोधन लाना था। इस विधेयक को लाने से पहले सरकार ने राजा जी से क्यों विचार-विमर्श नहीं किया।

यदि सरकार विरोधी पक्ष के साथ समझौता करने की इच्छुक है तो उसे दूसरे स्वतन्त्र देशों की तरह विपक्षी दलों को सरकार के साथ काम करने का अवसर दिया जाना चाहिए।

विपक्षी दल के किसी सदस्य को संयुक्त राष्ट्र संघ व्यापार तथा विकास सम्मेलन में नहीं बुलाया गया।

क्या संसार में कोई भी देश ऐसा है जो विकसित नहीं हो रहा है ? आपने इस सम्मेलन पर न अपना बल्कि दूसरे देशों का भी बहुत अधिक रुपया व्यय किया है। इस सम्मेलन से कोई लाभ होने वाला नहीं मेरी समझ में नहीं आता कि उन देशों का सम्मेलन क्यों बुलाया गया है जो कि विकसित हैं और जो दूसरे देशों की परवाह नहीं करते। इस समय सब देशों में मन्दी है। यह सम्मेलन उपयोगी हो सकता था यदि यह उचित समय पर बुलाया गया होता।

यदि हम देश को समृद्ध बनाना चाहते हैं तो हम अपने देश में सदा विरोध करने वाले विरोधी दल और सदा गलती करने वाली सरकार को सहन नहीं कर सकते। विपक्षी दल सत्ता रूढ़ दल को गुलाम बनाना नहीं चाहते। वे तो केवल उनकी शक्ति में भागीदार होना चाहते है।

आप सहयोग की बात करते हैं। क्या आपने किसानों को सहयोग दिया है ? उनके लिये पानी, खाद तथा बीजों की व्यवस्था की है।

हमें सबको मिलकर कठिनाइयों को हल करना चाहिये।

जो देश अधिक विकसित हो गये हैं उनमें भाषा और हिंसा की कोई समस्या नहीं है। वे पूर्व परम्पराओं के अनुसार कार्य करते हैं।

क्या इस समय की अपेक्षा भी ज्यादा देश में संकट उत्पन्न हो सकता है। युद्ध से भी देश में विभाजन नहीं होता इससे लोगों में एकता उत्पन्न होती है। मैं यह निवेदन करूंगा कि हमें अपनी शक्ति बेकार खर्च नहीं करनी चाहिए और सबको मिलकर देश को समृद्ध बनाने के लिए प्रयत्न करना चाहिये।

इसके पश्चात् लोक-सभा मध्याह्न भोजन के लिये दो बजे म० प० तक के लि स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned for Luch till Fourteen of the Clock

लोक-सभा मध्याह्न भोजन के पश्चात् चार बजे पुनः समवेत हुई।

The Lok-Sabha then reassembled after Lunch at Fourteen of the Clock

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
Mr. Deputy Speaker in the Chair]

श्री चं० चु० देसाई (साबरकंठा) : राष्ट्रपति जी के मुख यह कहलवाना कि देश का भविष्य उज्जवल है, केवल कल्पना मात्रा है। जीवन के किसी भी क्षेत्र में उज्ज्वलता नहीं दिखाई देती। सब जगह लोगों का यही विचार है कि देश पता नहीं किस ओर जा रहा है। इस सबके लिए कांग्रेस दल ही उत्तरदायी है क्योंकि 20 वर्ष से कांग्रेस ही सत्तारूढ़ रही है। कांग्रेस देश की आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ सिद्ध हुई है। यदि हमारे नेतागण वास्तव में देश का कल्याण करने के इच्छुक हैं तो उन्हें यह ध्यान देना चाहिये कि देश किस ओर जा रहा है।

वर्तमान प्रधान मंत्री देश की समस्याओं का सामना करने में असमर्थ रही हैं। अतः अब अधिक कुशल एवं सक्षम व्यक्ति को प्रधान मंत्री के पद पर नियुक्त करना चाहिये।

कांग्रेस सरकार ने ही भाषा विधेयक संकल्प प्रस्तुत किया है । वह किसी समझौते के आधार पर प्रस्तुत किया गया था । जब कुछ व्यक्तियों तथा मंत्रियों ने संशोधन के लिए दबाव डाला तो प्रधान मंत्री दबाव में आ गईं और विधेयक और संशोधन दोनों ही में संशोधन किये गये। मद्रास में लोगों ने "जन गण मन" के गाने पर भी आपत्ति की क्यों कि वह हिन्दी में है।

यदि हिन्दी भाषा वाले अपनी बात पर अड़े रहे तो यह हिन्दी विरोधी भाषी और राज्यों जिनमें गुजरत भी शामिल है फैल जायेगा ।

बंगाल में सरकार ने कई दिन तक कोई कार्यवाही नहीं की । अन्त में वहां राष्ट्रपति का शासन लागू कर दिया गया। मुझे आशा है वहां मध्यवर्ती चुनावों की कोई जल्दी नहीं होगी ।

सरकार को पश्चिमी बंगाल में स्वस्थ सरकार बनाने के लिये प्रयत्न करना चाहिये । सरकार को तभी राज्य में मध्यावधि चुनाव कराने चाहिये जबकि राज्य साम्यवादी तत्वों से मुक्त हो जाये ।

अब सरकार की कमजोर विदेश नीति के सम्बन्ध में मैं कुछ कहूँगा। सरकार ने पश्चिमी ऐशिया में संकट के समय इसराइल द्वारा अपने कब्जे में किये गये क्षेत्र को खाली करने के लिए कहा । इस सम्बन्ध में हमारा कोई मतभेद नहीं है। यदि सरकार का वास्तव में तटस्थता और गुटों से दूर रहने की नीति में विश्वास है तो उसे अरब देशों की गलती को भी बताना चाहिये ।

ताइवान ने बहुत प्रगति की है और उसकी मुद्रा सुदृढ़ होती जा रही है । यह बात समझ में नहीं आती कि ताइवान के साथ व्यापार क्यों नहीं करना चाहिये । तथा ताइवान को भी पूर्वी जर्मनी की तरह इस देश में अपना एक व्यापार प्रतिनिधि रखने की अनुमति क्यों नहीं देनी चाहिये ।

इस देश का और पाकिस्तान दोनों का ही भविष्य मैत्रीपूर्ण सम्बन्धों पर निर्भर है। युद्ध निर्णयात्मक नहीं होते। हमें सुरक्षा पर 1200 करोड़ रुपये और पाकिस्तान को 500 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष खर्च नहीं करने चाहिये और दोनों देशों के लोगों को आर्थिक विकास के लिये कार्य करना चाहिये ।

मैं इस में विश्वास करता हूँ कि पाकिस्तान से मित्रता स्थापित करनी चाहिये परन्तु उसके लिये हमें अपनी प्रभुसत्ता का बलिदान नहीं करना चाहिये । उससे समझौता करने के दूसरे तरीके भी हैं ।

गुजरात जिले के साबरकण्टा में उगने वाली कपास सारे देश में सबसे अच्छी होती है और वह कपास अमरीका और मिश्र की कपास के मुकाबले में है । परन्तु सरकार द्वारा ऐसी नीति का पालन किया जा रहा है कि इस जिले को संकट का सामना करना पड़ रहा है । इस सम्बन्ध में सरकार को विचार करना चाहिये ।

हम ऐसी सरकार चाहते हैं कि जिस पर जनता का पूरा विश्वास हो ।

श्री राजशेखरन : (कनकपुरा) इस समय हमारा देश गम्भीर संकट का सामना कर रहा है।

राष्ट्रपति ने अपने अभिषाण में कृषि क्षेत्र में प्राप्त सफलताओं का जिक्र किया है। कृषि पर 70 प्रतिशत जनसंख्या आधारित है। खाद्य उत्पादन बढ़ाने के लिये अनेक प्रयत्न किये गये हैं। परन्तु इसके लिये और अधिक प्रयास किये जाने चहिये। किसानों के लिये ऋण सम्बन्धी सुविधाओं को बढ़ाया जाना चाहिये। किसानो को दीर्घावधि, अल्पावधि तथा मध्यावधि ऋण दिये जाने चाहिये। कृषि उपकरणों के विकास की भी हम अवहेलना करते जा रहे हैं। कालेजों में कृषि इन्जीनियरी विभाग खोले जाने चाहिये। आज किसानों को ट्रेक्टर आदि की थोड़ी सी गड़बड़ी के लिये भी दूर शहर उसे ठीक कराने के लिये जाना पड़ता है। उपलब्ध कृषि उपकरणों में सुधार पर भी ध्यान नहीं दिया गया। सिंचाई सुविधाएँ बढ़ाई जानी चाहिये। यदि सिंचाई के पर्याप्त साधन उपलब्ध हों तो किसान दो या तीन फसलें भी उगा सकते हैं। एक पूरी योजना सिंचाई पर लगाई जानी चाहिये तभी सिंचाई की समस्या सुलझेगी। देहात के लोगों के सामने अनेक समस्याएँ हैं। 80 प्रतिशत लोग गाँवों में रहते हैं। वहां पर अच्छे-मकान, सड़क, बिजली की सुविधाएं, यातायात के साधन तथा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायें। सम्पूर्ण ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था में सुधार लाया जाये।

राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में यह आशा व्यक्त की है कि प्रशासन में समय के अनुसार परिवर्तन होगा और सरकारी कर्मचारी लोगों का विश्वास प्राप्त करेंगे। परन्तु मेरा यह विचार है कि अदक्ष तथा नौकरशाही प्रशासन के कारण सरकार को अधिक सफलताएं मिली हैं। सरकारी अधिकारियों के पास आज जन साधारण की पहुंच नहीं है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षण केन्द्र पहाड़ी स्थानों पर स्थित हैं जबकि वे देहातों में स्थापित किये जाने चाहिये ताकि उन्हें देहात के बारे में कुछ जानकारी और अनुभव हो। मेरा सुझाव है कि प्रशासन के ढाँचे में ऐसा परिवर्तन किया जाना चाहिये, जिससे उसमें दक्षता आये और अधिकारी किसान और जन-साधारण पर उचित ध्यान दें। आज पहली आवश्यकता यह है कि देश के प्रशासन में दक्षता, स्फूर्ति, गतिशीलता तथा देश-भक्ति की भावना का प्रादुर्भाव हो।

मैसूर-महाराष्ट्र के बीच सीमा-विवाद को दृढ़ता से तय किया जाना चाहिये। जब तक इस सम्बन्ध में सरकार की ढुलमुल नीति बनी रहेगी तब इसी प्रकार के आन्दोलन चलते रहेंगे। सीमा–विवाद का निर्णय अन्तिम रुप से कर दिया जाना चाहिये। साथ ही मेरा यह अनुरोध है कि मैसूर को अधिक राशि दी जानी चाहिये जिससे वहां की सिंचाई, कृषि तथा लघु उद्योग सम्बन्धी स्थानीय समस्याओं को सुलझाया जा सके, जिससे मैसूर में अधिक लोगों को रोजगार मिले। केन्द्रीय सरकार को उन परियोजनाओं को पूरा करने के लिये शीघ्रता करनी चाहिये जो मैसूर राज्य में लम्बे समय से निर्माणाधीन है।

Shri Yajna Datt Sharma (Amritsar): The Address of the President is disappointing as

it does not provide guidance to the Government. It failed to give inspiration and hope to the people of India. It appears that the Government is not prepared to mould its policies and act in the way that will help to solve the problems facing India these days. The Government do not appear to have any intentions to improve the deplorable conditions of our masses. Retrenchment is being effected on large scale in Government departments and undertakings. Government talk of modernization at the cost of unemployment. It will not solve the problem of unemployment. Rather it will increase it.

The employees of Haryana Government intend to launch agitation to press their demand that they should be given dearness allowance at par with that available to Punjab Government Employees. There is great justification in their demand and Government should accept their demand. The Government employees are demanding that Amritsar city should be categorized as 'B' grade city. The Industrialists of Amritsar are complaining for non-availbility of raw material. Government should consider these issues sysmpathetically. The scheme of crop insurance should compulsorily be made applicable to the farmers of Khemkaran sector as it will give a sense of security to the local poeple there

